सुप्रभात
रांची, शनिवार
14.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 153 | 12



अल्लू अर्जुन को मिली जमानत




## न्यूज डायरी

### पिकनिक मनाने गये दो भाइयों की डूबने से मौत

**गिरिडीह।** धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आये धनबाद के एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गयी। शुक्रवार दोपहर हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। पिता गिरधारी साहू से बात के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। दोनों भाईयों के नाम विशाल कुमार (12) और विक्रम (7) हैं। परिवार धनबाद से हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था। इसी बीच दोनों मासूम कब नदी में नहाने उतरे किसी को पता नहीं चला। जब बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया, तो सभी दौड़े, तब तक दोनों की मौत हो गयी थी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर भिड़ा पक्ष और विपक्ष

नयी दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आपस में भिड़ गये। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित कर दी गयी। सदन शुरू होते ही स्पीकर ने झामुमो सदस्य सरफराज अहमद को जन्मदिन की बधाई दी।

## हेमंत-कल्पना ने बाबा दरबार में लगायी हाजिरी

# झारखंड की सुख-समृद्धि मांगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में बंपर जीत और सरकार गठन के बाद सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन संग देवघर और बासुकीनाथ में बाबा दरबार में हाजिरी लगायी। साथ ही झारखंड की सुख-समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। शुक्रवार को सबसे पहले सीएम बाबाधाम देवघर पहुंचे। पूरे विधिविधान से उन्होंने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया और राज्य के खुशहाली की कामना की। देवघर में पूजा-अर्चना के बाद सीएम फौजदारी बाबा की शरण में दुमका स्थित बासुकीनाथ धाम पहुंचे। तीर्थपुरोहितों ने षोडशोपचार विधि से कामना ज्योतिर्लिंग और मैया पार्वती के गर्भ गृह में दर्शन और पूजन कराया। सीएम ने समस्त झारखंड वासियों के कल्याण के लिए भोलेनाथ की आरती भी की। सीएम के आगमन को ले कर मंदिर परिसर में सुरक्षा काफी कड़ी थी। कुछ देर के लिए आम लोगों का प्रवेश बंद था।



### बाबा का आशीर्वाद है, झारखंड की जनता के हित में काम और तेज करूंगा

**बाबा मंदिर** में जलाभिषेक करने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मीडिया से कहा कि बाबाभोलेनाथ की कृपा से विधानसभा में बड़ा जनादेश मिला है। जनता के हित के लिए यह आशीर्वा है। इसीलिए राज्य की जनता को वह भरोसा देना चाहते हैं कि आने वाले समय में सरकार जनता के हितों के लिए और बेहतर काम करेगी। यहां पर किसी भी तरह की राजनीतिक बातें उचित नहीं है। उन्होंने हर हर महादेव का नारा लगाते हुए यह संदेश दिया कि इस बार भगवान भोलेनाथ की कृपा से प्रचंड जीत मिली है। उन्होंने यहां किसी अन्य मुद्दे पर कुछ भी बोलने से मना किया। बाबा मंदिर में बनने वाले कॉरिडोर के सवाल पर भी चुप्पी साधते रहे। बाद में सीएम हेलीकॉप्टर से रांची लौट आये। इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट विधायक उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आइजी क्रांति कुमार समेत तमाम अधिकारियों ने दोनों का भव्य स्वागत किया। सीएम को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। दुमका में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। हेमंत और कल्पना सोरेन दो दिवसीय दौरे पर संथाल परगना पहुंचे हैं।

## मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड ने कहा

# केंद्र व राज्यों में बेहतर समन्वय जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नयी दिल्ली।** दिल्ली में राज्यों के मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन में झारखंड ने कहा कि केंद्र एवं राज्य के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। सम्मेलन केंद्र एवं राज्य सरकारों के साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्धामिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। शुक्रवार से शुरू इस सम्मेलन में सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिरकत की। उनके साथ झारखंड के प्रधान सचिव मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं उद्योग सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवाए ग्रामीण गैर कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल, अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारंपरिक ज्ञान पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

### संसद पर हमले के शहीदों को देश ने किया नमन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति, पीएम मोदी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पूरे देश ने 2001 संसद हमले के शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा संसद हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। 13 दिसंबर, 2001 को आतंकवादियों के हमले में संसद भवन परिसर में तैनात कई जवान शहीद हो गये थे।



उत्तराखण्ड शासन

# विकसित भारत, सशक्त उत्तराखण्ड



"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। तीर्थाटन एवं पर्यटन की दृष्टि से लोग यहां आयें तथा पर्यटन के साथ-साथ तीर्थों के भी दर्शन कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं ताकि पर्यटक शीतकाल में पर्यटन के साथ तीर्थों का भी आनन्द ले सकें।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

संकल्प से सिद्धि, प्रगति संग समृद्धि
25
**देवभूमि रजत उत्सव**
9 नवंबर 2024-25 | उत्तराखण्ड



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## देवभूमि उत्तराखण्ड


# शीतकालीन यात्रा

श्री यमुनोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास

### 1 यमुना मन्दिर
खरसाली (उत्तरकाशी)

यमुनोत्री चारधाम यात्रा का प्रथम पड़ाव है। यमुनोत्री मन्दिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने पर मां यमुना की डोली को खरसाली लाया जाता है जो कि मां यमुना का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकालीन प्रवास के दौरान खरसाली में ही मां यमुना की पूजा की जाती है और यहीं पर यमुना जी के भाई भगवान शनिदेव जी का मन्दिर भी स्थित है।




श्री गंगोत्री धाम का शीतकालीन प्रवास


### 2 गंगा मन्दिर
मुखीमठ, मुखबा (उत्तरकाशी)

मुखीमठ, मुखबा स्थित मां गंगा का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान गंगोत्री मन्दिर के कपाट बंद होने पर मां गंगा की मूर्ति को गंगोत्री से मुखबा लाया जाता है और शीतकाल के दौरान इसी मन्दिर में मां गंगा की पूजा की जाती है।

श्री केदारनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास

### 3 ओंकारेश्वर मन्दिर
ऊखीमठ (रुद्रप्रयाग)

ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मन्दिर भगवान केदारनाथ का शीतकालीन प्रवास स्थान है। शीतकाल के दौरान भगवान केदारनाथ की पूजा इसी मन्दिर में की जाती है। केदारनाथ मन्दिर से मूर्तियों की उत्सव डोली को ऊखीमठ लाया जाता है और ओंकारेश्वर मन्दिर में छह महीने तक पूजा की जाती है।







श्री बदरीनाथ धाम का शीतकालीन प्रवास

### 4 योगध्यान बदरी मन्दिर
पांडुकेश्वर (चमोली)

शीतकाल के दौरान बदरीनाथ मन्दिर के कपाट बंद होने पर नारायण योगध्यान बदरी मन्दिर, पांडुकेश्वर (चमोली) में जनकल्याण के लिए ध्यान अवस्था में रहते हैं। पांडुकेश्वर स्थित योगध्यान बदरी मन्दिर में उद्धव जी और कुबेर जी की उत्सव डोलियों को भी लाया जाता है। आदिगुरु शंकराचार्य की डोली शीतकाल के दौरान ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मन्दिर में प्रवास करती है।

### सनशाईन पर्यटन

एक ओर जहां देश के बहुत से भाग कोहरे की चादर ओढ़े हैं, वहीं देवभूमि उत्तराखण्ड के पहाड़ों में खिलखिलाती धूप का आनन्द उठाया जा सकता है।

**आईये! आप भी उत्तराखण्ड में आध्यात्म व पर्यटन का आनन्द उठाईये।**










## उत्तराखण्डः एक अद्वितीय, रोमांचक और प्राकृतिक गंतव्य

इको-टूरिज्म हो या वाइल्डलाइफ टूरिज्म या रोमांचकारी अनदेखी बर्फीली चोटियां और रोमांचकारी स्कीइंग और माउंटेन बाइकिंग, पैराग्लाइडिंग और ट्रेकिंग के रोमांचकारी रास्ते, आपको यहां वह सब कुछ मिल सकता है जिसके लिए कई देशों की यात्रा करनी पड़ सकती है। उत्तराखण्ड अब हरित पर्यटन, माइंडफुल ट्रैवल, वन्यजीव यात्रा, प्राकृतिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। बेहतर पर्यटन नीतियों और उच्च संभावनाओं को देखते हुए विगत वर्षों में राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर निवेश तो हुआ ही है साथ ही भविष्य में कई बड़े निवेशकों ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशी हैं। साहसिक गतिविधियों के लिए उत्तराखण्ड उभरता हुआ पर्यटन स्थल बनता जा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# वित्त मंत्री ने पड़वा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

›› कार्यालय नहीं पहुंचे थे बीपीओ और नाजिर

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यालय पहुंचकर जायजा लेते मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

**पड़वा पलामू।** मंत्री बनने के बाद शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पड़वा बीडीओ सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। मंत्री राधाकृष्ण किशोर सुबह करीब 11.25 बजे पड़वा बीडीओ कार्यालय में पहुंचे थे। उस समय कुछ कर्मी मौजूद थे लेकिन कोई अधिकारी नहीं थे। बीपीओ, नाजिर सब गायब थे। इसपर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी सरकारी कार्यालयों को अपना प्राइवेट प्रापर्टी नहीं है कि जब मन किया आयें और चलें गये। यदि सरकार से वेतन ले रहे हैं तो उन्हें कमिटमेंट के साथ काम करना होगा। महागठबंधन के सरकार अधिकारियों की इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मालूम हो कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर छतरपुर और नौडीहा बाजार प्रखण्ड क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे इसी दौरान मंत्री का काफिला पड़वा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पहुंच गया। मौके पर युवा नेता प्रशांत किशोर, ईश्वरी पांडेय समेत कई समर्थक मंत्री श्री किशोर के साथ थे।

# सर्द रात में सिहरते बदन पर इंडियन रोटी बैंक ने डाले कंबल, मेहनतकशों के चेहरे पर आयी मुस्कान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू में लगातार कम होते तापमान व सर्द होती रातों में खुले आसमां के नीचे एवं फुटपाथ पर ठंड से सिहरते किसी तरह अपने बदन को सिकोड़कर रात गुजारने को विवश मेहनतकश, गरीब, असहाय, रिक्शा- टेंपो/ ऑटो चालकों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों सहित अन्य जरूरतमंदों के बदन पर आज देर शाम इंडियन रोटी बैंक के सेवादारों ने कंबल डाले। नगर निगम के शहरी क्षेत्रों में सफाई कर्मियों को भी कंबल दिये गये।





**कंबल वितरण से ठंड से मिलेगी राहत : थाना प्रभारी-** शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार ने कहा कि ठंड बढ़ रही है। तापमान में गिरावट आ रही है। इससे कनकनी बढ़ी है। कंबल वितरण किये जाने से मेहनतकश व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ठंड से बचाव होगी। कंबल से उनका शरीर ढकेगा, जिससे उनकी सुरक्षा होगी। उन्होंने इंडियन रोटी बैंक के इस पहल की सराहना की।

**कंबल वितरण पुण्य का कार्य : अभिमन्यु-** समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने कहा कि कंबल वितरण पुण्य का कार्य है। इंडियन रोटी बैंक द्वारा कंबल मिलने से जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत मिलेगी। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में हरेक गरीब और असहाय की परेशानी को देखते हुए मदद पहुंचाई जा रही है, जो काफी सराहनीय कार्य है।

**पुण्य के कार्य में सभी को आगे आने की जरूरत : धनंजय सोनी-** सोना महल के प्रोपराइटर सह व्यवसायी, समाजसेवी धनंजय सोनी ने कहा कि इंडियन रोटी बैंक के पहल से गरीब व्यक्तियों को ठंड से राहत मिलेगी। ऐसे पुण्य के कार्य में अन्य संपन्न व्यक्तियों समाजसेवी एवं व्यवसायी को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कंबल वितरण कार्य की प्रशंसा की।

**पूरा ठंड जरूरतमंदों में बंटेगा कंबल : दीपक तिवारी-** इंडियन रोटी बैंक के झारखंड प्रदेश कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने कहा कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है। समाज में आज भी एक-दूसरे के दर्द को महसूस करने वाले लोग हैं। इंडियन रोटी बैंक का पलामू इकाई के सेवादारों को हमेशा से दूसरों की परिस्थितियों का एहसास होता है। कंबल वितरण का अभियान पूरे ठंड के मौसम तक चलेगा।

**ये रहे उपस्थित :** नगर आयुक्त जावेद हुसैन, थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार, इंडियन रोटी बैंक के दीपक तिवारी, अभिमन्यु सिंह, सोनामहल के धनंजय सोनी, उड़ान एजुकेशन के विनोद सिंह, इंडियन रोटी बैंक के कर्मी, व्यवसायी, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारगण सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 15 को धूमधाम से मनेगी आदिगुरू श्री दत्तात्रेय जी की जयंती : रंजीत सिंह




**विश्रामपुर पलामू।** आदि गुरु श्री दत्तात्रेय जी जयंती 15 दिसंबर को श्री शिवतार ट्रेडर्स कैंपस ओवरब्रिज रेहला में प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज की रेहला शाखा द्वारा सुबह 9 बजे से मनायी जायेगी। उक्त जानकारी प्रेरणा परमार्थ आश्रम रेहला शाखा के प्रभारी रणजीत सिंह ने दी। कहा कि मौके पर 600 कंबल वितरण रेहला में 15 को तथा 600 कंबल महुआडांड़ के सोहरपाट और औरसा पाट में 16 को बांटा जायेगा। श्री सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि उक्त समय और स्थान पर आकर सहयोग कर इसके साक्षी बनें।

### मारूतिनंदन यज्ञ में शामिल हुए बचन



**पांकी पलामू।** खाप सरौना में मारुतिनंदन महायज्ञ में पांकी विधायक के निजी सचिव प्रो बचन ठाकुर ने नगर भ्रमण एवं रामलीला की आरती में उपस्थित होकर कहा कि यज्ञ से आपसी भाईचारा बढ़ता है। वहीं वातावरण भी शुद्ध होता है। ऐसे आयोजन से लोगों में मिल-जुल कर कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।


### प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार



**पांकी।** प्रखंड के कर्पूरी ठाकुर चौक के समीप शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को पांकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक बाइक पर कई झोले में लादकर प्रतिबंधित मांस तस्करी के लिए ले जा रहा था। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पांकी पुलिस ने कर्पूरी चौक के समीप से एक बाइक से तीन झोले में लदे प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर पांकी थाना लाया। जिसकी पहचान टईया के शमीम कुरैशी पिता मकबूल कुरैशी के रूप में की गयी है। पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि एक व्यक्ति को अवैध मांस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है मामले की सघनता से जांच की जा रही है।

### टेंपो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो घायल





**पाटन पलामू।** सगुना मोड़ पर मालवाहक टेंपो और ट्रैक्टर की भिड़ंत में टेंपो चालक विकास चंद्रवंशी ग्राम सुआ कौड़िया व रजवाडीह का घुबर मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया। टेंपो पाटन से मेदिनीनगर की ओर जा रही थी तथा ट्रैक्टर पाटन की ओर आ रहा था। टक्कर के बाद टेंपो पलट गया। घायल चालक को पाटन स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर स्थिति देख सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### दो नाबालिग तीन दिनों से लापता




**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के मुरमा कला गांव के दो नाबालिग पिछले तीन दिनों से लापता हैं। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद रेहला थाना में सनहा दर्ज कराया गया है। नाबालिगों में मुरमा कला के अजय राम का पुत्र रजनीकांत (12) व धर्मेंद्र राम का पुत्र नीरज (15) है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### संघर्ष मोर्चा की बैठक की तैयारी



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की पलामू समिति की बैठक को लेकर समीक्षा बैठक मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर हुई। जिसमें राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को सम्मानित कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। 3 जनवरी को मोर्चा का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी को लेकर 18 को सूर्यांश होटल स्टेशन रोड मेदिनीनगर में 12 बजे दिन होगी। बैठक में सतीश कुमार, बिकेश शुक्ला, प्रमोद सोनी, प्रदीप सिन्हा, तुलसी शुक्ला, दिनानाथ टोप्पो, जयपाल सिंह, गणेश रवि, बिकास चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### 18 को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** झारखंड के महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के आदेश के आलोक में 18 दिसंबर को जन शिकायत कार्यक्रम एक साथ पूरे राज्य में किया जाना है। इसे लेकर पलामू जिला के चार अनुमंडल थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को किया जायेगा। एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि कार्यक्रम में आम नागरिकों से समस्या के आवेदन लिये जायेंगे। जिसपर तत्काल कार्रवाई होगी। जिले के चार अनुमंडलों में कार्यक्रम होना है, जिसमें सदर का शहर थाना परिसर डालटनगंज, लेस्लीगंज के पांकी थाना परिसर, विश्रामपुर के नावा बाजार थाना परिसर, छतरपुर के छतरपुर थाना परिसर, हुसैनाबाद के हुसैनाबाद थाना परिसर में लोगों के समस्या संबंधित आवेदन लिये जायेंगे और समाधान होगा।

# डीसी ने धान अधिप्राप्ति को लेकर पदाधिकारियों संग बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में धान खरीदारी पर चर्चा करते उपायुक्त व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिले के निबंधित 41 पैक्सों में 15 दिसंबर से धान की खरीदारी होनी है। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि रंजन ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति की तैयारी को लेकर बैठक की। उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कु से किसानों से धान क्रय को लेकर अबतक की गयी तैयारी से अवगत हुए।उन्होंने कहा कि 2 लाख क्विंटल धान का क्रय किया जाना है, इसमें कोई कोताही न हो। उन्होंने जिला आपुर्ति पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में बेहतर तालमेल के साथ निष्पक्ष एवं सही तरीके से धान खरीदने पर बल दिया।

**किसानों को जागरूक करने का निर्देश :** उन्होंने बैठक में सभी संबंधितों को 15 दिसंबर से धान क्रय किये जाने को लेकर सभी किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाये जाने पर बल दिया। वहीं, किसानों की सुविधा को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंपस के साथ टैग करने को कहा ताकि किसानों का भुगतान समय पर हो सके।

**किसानों के निबंधन को लेकर तीन दिन विशेष कैंप लगाने का निर्देश :** पोर्टल पर अधिकाधिक किसानों को निबंधन कराये जाने को लेकर उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में 16,17 और 18 दिसंबर को विशेष कैंप लगाने की बात कही। इस दिन किसान सभी जरूरी दस्तावेज के साथ ब्लॉक पहुंच निबंधन करा सकेंगे। धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में बिचौलियों व फर्जी किसानों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, संबंधित नोडल पदाधिकारी, क्रय पदाधिकारी, धान अधिप्राप्ति केंद्र के पैक्स अध्यक्ष समेत अन्य भी थे।

# जिला स्तरीय कोर कमेटी ने की महिला लखपति किसान अभियान की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में समीक्षा करते पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में महिला लखपति किसान योजना से संबंधित बैठक की गई। बैठक में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला लखपति किसान के उद्देश्यों एवं कार्य योजना के संबंध में बताया गया। इस योजना के तहत जिले के सभी विभागों एवं जेएसएलपीएस के साथ सर्वे कर कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य किया जाना है। महिला लखपति किसान योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर जेएसएलपीएस को नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग के द्वारा सर्वे कार्य करते हुए अन्य विभागों को पूर्ण डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये। बैठक में एसएचजी परिवारों के लिए स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की रणनीति को लेकर विभिन्न बिंदुओं जैसे संस्थान निर्माण और वित्तीय समावेशन पर चर्चा की गयी। निजी क्षेत्र की भागीदारी- स्टार्ट-अप,एफपीओ, एनजीओ, ग्रामीण उद्यम केंद्र के साथ साझेदारी करना। इसके अतिरिक्त माइक्रो क्रेडिट योजना,वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज,महिला उद्यम त्वरण निधि, कृषि आजीविका, एकीकृत कृषि क्लस्टर के तहत किये जाने वाले कार्यों पर चर्चा की गयी। मनरेगा के तहत किसानों के लिये दीदी बाड़ी योजना, योग्य लाभुकों को जॉब कार्ड से संतृप्त कर सौ दिन का रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग, कृषि और गैर-कृषि, कौशल, उद्यम को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की गयी। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम समेत अन्य मौजूद थे।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में मना भारतीय भाषा उत्सव

- 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक भाषा और संस्कृति का अद्भुत संगम दिखा


खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज में 4 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आठ दिवसीय इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने भाषाई कौशल और सांस्कृतिक प्रतिभाओं का अद्भुत प्रदर्शन किया। उत्सव में भाषाई विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाद-विवाद, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण, नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। उत्सव का उदघाटन प्राचार्या डॉ अनुपमा गुप्ता ने 4 दिसंबर को किया। उन्होंने भाषाई एकता और भारतीय संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। 11 को कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा को सराहा गया। इस आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे, जैसेः वाद-विवाद प्रतियोगिताः भारतीय भाषाओं का महत्व विषय पर छात्राओं ने विचार दिये। प्रतिभागियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में काव्य पाठ किया। पोस्टर निर्माण में भारतीय भाषाओं और संस्कृति पर आधारित कलाकृतियां प्रस्तुत की गयीं।

**छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की :** नृत्य और संगीत में छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक धुनों पर भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। नाटक प्रस्तुति में भाषा हमारी पहचान पर एक प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति की गई। इस आयोजन में शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के प्रमुख समन्वयक अविनाश सिन्हा, सुजीत कुमार ने सांस्कृतिक और भाषाई गतिविधियों में योगदान दिया। माया त्रिपाठी ने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का नेतृत्व किया। अंजना दुबे ने छात्राओं को भाषाई कार्यक्रमों के लिए प्रेरित किया। प्रभाकर और राम सागर ने तकनीकी और मंच संचालन के साथ आयोजन की समग्र व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करते हुए भाषाई एकता का संदेश दिया।

### गढ़वा रोड रेलवे प्लेटफार्म पर मिला अज्ञात शव



**विश्रामपुर (पलामू)।** धनबाद रेलखंड के गढ़वा रोड (रेहला) रेलवे स्टेशन के तीन नम्बर प्लेटफार्म से जीआरपी ने गुरुवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। गढ़वा रोड जीआरपी थानाप्रभारी विमल कुमार ने बताया कि शव के पास से मिले एक थैले से भी कोई ऐसा चीज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव गढ़वा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर सरकारी प्रावधान के तहत तय समय तक वहां पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया है।

### ट्रांसफार्मर से तेल निकलकर चुरा ले गये चोर



**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के एनएच 39 किनारे अवस्थित भंडार गांव के गायत्री मंदिर के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल अज्ञात चोर निकाल ले गये। घटना बुधवार रात की है। घटना के बाद गांव में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गयी। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी विद्युत विभाग के रेहला स्थित कार्यालय व विश्रामपुर थाना को दी है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की यह दूसरी घटना है। इससे पहले भी इसी टांसफार्मर से तेल की चोरी हो चुकी है।

### पाटन प्रखंड सभागार में योजनाओं की समीक्षा



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में आवास मनरेगा सहित पंचायत में चल रहे योजनाएं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सभी रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, बीपीआरओ अहमद अंसारी, आवास कोर्डिनेटर शिवम जायसवाल भी थे। बैठक में सभी को समय पर सभी योजनाएं पूरा करने को कहा गया। वहीं सभी पंचायत एवं रोजगार सेवक को पंचायत में बैठ काम सुलझाने को कहा गया। बैठक में मनरेगा की योजना को तीव्र गति से निष्पादन करने एवं अधूरा पड़े आवास को समय पर पूरा करने को कहा गया।

### स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता का समापन



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू ने शिक्षा मंत्रालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तहत स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता करायी गयी। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने छात्रों को अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करने और अनुभवी जजों के साथ संवाद करने के लिए एक ऊर्जा से भरा और जीवंत मंच प्रदान किया।

## मंईयां सम्मान योजना से वंचित लाभुकों को चिह्नित कर तैयार की जा रही है सूची

- सीओ सहित बीडीओ को निराकरण को लेकर सौंपेंगे सूची : गोरखनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर नगर क्षेत्र के सभी जरुरतमंद व अर्हता पूरा करने वाले मातृशक्ति को मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ मिले। इसे लेकर नगर परिषद क्षेत्र का नियमित भ्रमण कर वंचित रह गए लोगों को चिंहित किया जा रहा है। इस कार्य को लेकर समाजसेवी गोरख नाथ पांडेय नगर परिषद के सभी वार्डों में अभियान चलाकर वंचित लाभुकों का डाटा तैयार करने की शुरूआत वार्ड 2 सबौना गांव से किया गया है। समाजसेवी गोरख नाथ पांडेय ने बताया कि अभियान चलाकर सभी वार्डों से वंचितों की सूची बनाकर विश्रामपुर अंचल पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए असफल भुगतान के निराकरण का अनुरोध किया जा रहा है।

## पिकअप के धक्के से मजदूर घायल

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अररूआ खुर्द मिडिल स्कूल स्थित मैदान में पिकअप के धक्के से एक मजदूर घायल हो गया। घटना गुरुवार की रात्रि करीब आठ बजे की बताई जाती है। घायल की पहचान हरिहरगंज से सटे बिहार के महाराजगंज निवासी 61 वर्षीय नरेश पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घायल नरेश पासवान लघुशंका कर रहे थे। तभी पिकअप वाहन के चपेट में आ गये। जिससे उनका पैर बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उन्हें सीएचसी पहुंचाया।

## सड़क पर पानी से परेशानी

गौतम पटेल

- कई बार लिखित शिकायत के बाद भी नहीं हुआ कार्रवाई, लोग परेशान



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के वार्ड 4 के बंशी बीघा मोड़ से जपला पथरा मुख्य सड़क पर खुलेआम घर व मोटर का पानी बहाया जा रहा है, जिससे राहगीरों को नाली के कीचड़ में जाना पड़ रहा है। शहर में कई नाली निर्माण की योजना चलाई जा रही हैं करोड़ों से बनी पक्की पीसीसी सड़क बर्बाद हो रही है। शहर वासियों का कहना है सभी जगह नाली निर्माण हो रहा हैं लेकिन हमलोगो के शहर में रहते हुए भी नरक की स्थिति बनी रहती हैं। आम राहगीरों का कहना है कि कुछ लोग जान बूझ कर सभी लोग मोटर व घर के पानी निकाल कर खुलेआम सड़क पर बहवा रहे हैं। हमलोगों को आते जाते कपड़े पर छिटा पड़ता है। आनंद मोहन सिंह कई बार नगर पंचायत कार्यपालक व प्रशासकीय अधिकारी से लिखित व मौखिक शिकायत की लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता






**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को भारतीय डाक विभाग के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें पलामू प्रमंडल के डाक विभाग के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव लव प्रताप सिंह ने बताया कि इस पत्र लेखन प्रतियोगिता का विषय है लेखन का आनन्द डिजिटल युग में पत्र का महत्व। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 2024 के अंतर्गत पलामू डाकघर अधीक्षक प्रेमजीत कुमार के दिशा निर्देश में विभिन्न विद्यालयों/ महाविद्यालयों में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि पत्र लेखन एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से हम अपने विचारों, भावनाओं और संदेशों को साकार रुप दे सकते हैं। यह एक महत्वपूर्ण कौशल है जो हर क्षेत्र में उपयोगी होता है, चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो या सामाजिक, व्यावसायिक अथवा शैक्षिक क्षेत्र हो। पत्र लेखन हमें परिजनों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने में भी मदद करता है। दैनिक और डिजिटल संचार के विपरीत, ये पत्र हमारे रिश्तों का इतिहास प्रदान करते हैं जिन्हें हम वापस जाकर संजो सकते हैं। वर्तमान (डिजिटल) युग में पत्र लेखन कौशल विलुप्त होता जा रहा है लेकिन हम सभी का कर्तव्य है कि इसे विलुप्त होने से बचाए रखें। डाक विभाग के साकारात्मक कार्य बहुत ही सराहनीय है।

# पुल निर्माण में अनियमितता का आरोप ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों में नाराजगी

प्रेमरंजन तिवारी



**चैनपुर (पलामू)।** सलतुआ पंचायत के टोला सगरदिनवा तहल्ले नदी पर करोड़ों की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य के प्रारंभ में ही अनियमितता व लापरवाही का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण विकास विभाग से पुल का न्यू निर्माण किया जा रहा हैं। जहां अनियमितता व लापरवाही पर विरोध जताते हुए महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह, कर्मू सिंह, पप्पू चौधरी, सूरज राम ने कहा कि ठेकेदार मनमानी तरीके से पुल बनवा रहा है। इसका विरोध सभी ग्रामीण कर रहे हैं कि पुल का निर्माण इस्टीमेट के अनुसार हो। लेकिन ग्रामीणों की मांग अनसुना कर दी जा रही है।

**खास बातें :** पुल निर्माण में जो पुल का पाया का फाउंडेशन तैयार होना चाहिए वो इस्टीमेट के अनुसार नहीं हो रहा हैं और ग्रामीणों द्वारा बार बार ठेकेदारों से इस्टीमेट मांगी जा रहीं लेकिन ठेकेदार इस्टीमेट की जगह मनमानी तरीके से काम को लगातार जारी रखें हैं। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि शुरुआत में ही पुल निर्माण कार्य में ही जब अनियमितता बरती जा रही है तो पता नहीं आगे क्या होगा। ग्रामीणों ने कहा कि पुल का निर्माण बार-बार नहीं होता है। दशकों बाद चिरपरिचित मांग पूरी हुई है। इसलिए पुल का निर्माण कार्य मजबूती के साथ होना चाहिए साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि सगरदिनवा तहल्ले नदी में पुल नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों को सलतुआ जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं जिससे आवागमन बाधित हो जाती हैं। इधर इस संदर्भ में ठेकेदार रवि सिंह ने कहा कि पुल का निर्माण इंजीनियर की निगरानी में किया जा रहा हैं। हमारा काम प्राक्कलन के अनुरूप ही हो रहा है।

# प्रियंका का प्रहार

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि यदि लोकसभा चुनाव के नतीजे इस तरह नहीं आते तो यह सरकार संविधान बदलने का काम करती। उन्होंने लोकसभा में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए देश की जनता को नकारा जा रहा है। वायनाड से लोकसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद सदन में उनका यह पहला भाषण था। उन्होंने कहा, हमारा संविधान लोगों के लिए सुरक्षा कवच है जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है। यह न्याय, एकता, और अभिव्यक्ति की आजादी का कवच है। लेटरल एंट्री के जरिये आरक्षण को कमजोर किया जा रहा है।अगर लोकसभा में ये नतीजे नहीं आए होते तो ये (सत्तारूढ़ दल) संविधान बदलने का काम करते। लोकसभा चुनाव में इन्हें (भाजपा) हारते-हारते जीतने से एहसास हुआ कि इस देश में संविधान बदलने की बात नहीं चलेगी। प्रियंका गांधी का कहना था कि आज जाति जनगणना का जिक्र सत्तापक्ष कर रहा है क्योंकि ऐसे नतीजे आए। कांग्रेस सांसद का तात्पर्य इस बात से था कि लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से दूर रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक न्याय का कवच तोड़ रही है। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि आज किसान भगवान भरोसे है। प्रियंका गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका नाम पुस्तकों से मिटाया जा सकता है, भाषणों से मिटाया जा सकता है, लेकिन आजादी और देश के निर्माण में उनकी भूमिका को नहीं मिटाया जा सकता। निश्चित तौर पर प्रियंका का पहला भाषणा कांग्रेस की नीति और एजेंडा के अनुसार ही था। प्रियंका के पहले भाषण को संसद में सराहा गया।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन : पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

# एआई के दौर में बराबरी के अवसरों का वादा

भारत में एआई की स्थिति अभी तक अस्पष्ट है। लगता है कि कंपनियों के निदेशक मंडलों में एआई पर गंभीर चर्चा बहुत कम हो रही है।

साल खत्म होने को है और इस वक्त पीछे मुड़कर देखना स्वाभाविक ही है। गुजरता साल कई चुनावों में हार-जीत का गवाह बना और भूराजनीतिक उथलपुथल के भी दूरगामी असर रहे। मगर भारत में तेज होड़ और समान अवसरों के वादे के बीच बहुत कुछ और भी हुआ, जिसकी बात नीचे की जा रही है।

कारोबार के चलन की बात करें तो क्विक कॉमर्स बिला शक 2024 का बादशाह रहा। बीसेक उत्साही उद्यमियों और फूड डिलिवरी दिग्गज स्विगी तथा जोमैटो से आए लोगों द्वारा शुरू किए गए जेप्टो जैसे छोटे से स्टार्टअप ने क्विक कॉमर्स का जो मॉडल खड़ा किया, उसे एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी भारी-भरकम कंपनियों को भी आजमाना पड़ रहा है। वक्त ऐसा बदला कि कभी बड़ी कंपनियों की तर्ज पर चलने वाली छोटी कंपनियां अब उन्हें ही अपना कारोबारी मॉडल बदलने और तेज-तर्रार बनने पर मजबूर कर रही हैं।

इसके बाद उपग्रह संचार (सैटकॉम) के लिए स्पेक्ट्रम पूरे साल विवाद का मसला रहा और उसे पक्ष तथा विपक्ष में खेमे बन गए। स्पेक्ट्रम की नीलामी (अंतरराष्ट्रीय अनुभवों और प्रयोगों के मुताबिक बहुत चुनौती भरी) की वकालत करने वाले खेमे का तर्क है कि सैटकॉम में भी नीलामी होने से मोबाइल टेलीफोनी के साथ होड़ करने के समान अवसर मिलेंगे। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों को किसी भी खेमे के प्रभाव में आने के बजाय सैटकॉम को जल्द से जल्द शुरू कर देना चाहिए। दूरसंचार मंत्री ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सैटकॉम कंपनियों को प्रशासनिक व्यवस्था के जरिये यानी नीलामी के बगैर ही स्पेक्ट्रम देकर भी बराबरी का मैदान सुनिश्चित किया जाएगा।

विवाद का असली कारण उच्चतम न्यायालय का फरवरी 2012 में आया फैसला है, जिसमें दूरसंचार स्पेक्ट्रम जैसे दुर्लभ सार्वजनिक संसाधनों के आवंटन के लिए नीलामी को प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। हालांकि अदालत ने इस फैसले पर अभी तक पुनर्विचार नहीं किया है मगर सरकार मानती है कि दूरसंचार विधेयक में सैटकॉम के लिए बने कानून तरंगों को बिना नीलामी आवंटित करने की इजाजत देते हैं। बराबरी सुनिश्चित करने की बहस के बीच उम्मीद है कि सैटकॉम सुदूर इलाकों में




कनेक्टिविटी का एक और स्तर तैयार कर देंगे। आजकल कारोबार में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और जेनएआई के बिना सब कुछ अधूरा है। सेंटा क्लारा की कंपनी एनविडिया के मुख्य कार्य अधिकारी जेनसेन ह्वांग की भारत यात्रा और एआई की संभावनाओं के भविष्य पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के साथ उनकी बातचीत ने इस क्षेत्र में साझेदारी की कई चचाओं को हवा दी।

फिर भी भारत में एआई की स्थिति अभी तक अस्पष्ट है। लगता है कि कंपनियों के निदेशक मंडलों में एआई पर गंभीर चर्चा बहुत कम हो रही है। इस क्षेत्र में काम कर रहे एक सलाहकार का कहना है कि भारतीय कंपनियां एआई में बड़ी रकम निवेश करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहीं। फिर भी बड़ी कंपनियां धीरे-धीरे ही सही एआई की दिशा में बढ़ रही हैं। कुछ कंपनियों ने अपने हरेक अधिकारी के लिए एआई का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य कर दिया है। इनमें कुछ सबसे बड़ी कंपनियां भी शामिल हैं।

ऐपल और भारत से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में इसकी बढ़ती हिस्सेदारी भी इस साल चर्चा का विषय रही। वर्ष 2022-23 में ऐपल ने फॉक्सकॉन और दूसरी कंपनियों द्वारा बनाए गए 5 अरब डॉलर के आईफोन निर्यात किए थे और अगले साल यानी 2023-24 में निर्यात का आंकड़ा दोगुना होकर 10 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अब इस बात पर नजर रहेगी कि ऐपल के पूरी दुनिया में होने वाले उत्पादन की तुलना में भारत में उत्पादन कैसा रहेगा और कहां तक बढ़ेगा।

इस साल आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या ने भी सुर्खियां बटोरीं। 2024 खत्म होने जा रहा है, इसलिए आंकड़ा शायद 100 तक नहीं पहुंच पाएगा। वैसे तो आंकड़ा बहुत बड़ा नहीं है मगर दक्षिण कोरियाई वाहन कंपनी ह्युंडै के आईपीओ ने तहलका मचा दिया। भारत के कारोबारी इतिहास का यह सबसे बड़ा आईपीओ रहा। इसके बाद दक्षिण कोरिया में मची राजनीतिक खलबली के बीच ही वहां की कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा करा दिया। तो क्या अब सैमसंग भी इन दोनों के नक्शेकदम पर चलकर आईपीओ लाएगी? नए साल में रिलायंस जियो और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी कंपनियां भी आईपीओ की तैयारी में जुट सकती हैं।



-निवेदिता

> ऐसा इत्तफाक आम तौर पर होता नहीं है, जब किसी देश के बड़े कारोबारी घराने अलग-अलग वजहों से एक साथ चर्चा में रहें। 2024 में देश के तीन सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी सुर्खियों में रहे। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बना रहे टाटा समूह ने सेमीकंडक्टर और सैन्य विमान विनिर्माण के नए कारोबारों में कदम रखा। टाटा कंपनी की कमान नोएल टाटा को दिए जाने की हुई।

ऐसा इत्तफाक आम तौर पर होता नहीं है, जब किसी देश के बड़े कारोबारी घराने अलग-अलग वजहों से एक साथ चर्चा में रहें। 2024 में देश के तीन सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी सुर्खियों में रहे। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर तक बना रहे टाटा समूह ने सेमीकंडक्टर और सैन्य विमान विनिर्माण के नए कारोबारों में कदम रखा। मगर उससे भी ज्यादा चर्चा रतन टाटा के निधन और टाटा ट्रस्ट्स की कमान उनकी जगह उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को दिए जाने की हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज गुजरात के जामनगर में आकाश अंबानी के भव्य ब्याह के लिए चर्चा में रही। अदाणी को सुर्खियां तब मिलीं, जब अमेरिकी पूंजी बाजार नियामक और न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अटॉर्नी कार्यालय से सौर ऊर्जा कारोबार के सिलसिले में उन पर हमले बोले गए। ये हमले राजनीतिक हलकों में भी गूंजते रहे।

गुजरते साल में चार बड़ी घटनाएं और हुई हैं, जिन्हें इस फेहरिस्त में ऊपर के दस नामों में डाला जाना चाहिए। उदाहरण के लिए विस्तारा का एयर इंडिया में विलय बड़ी घटना थी मगर अभी तक वह विस्तारा ही बनी हुई है। कोविड 19 के दौर में शुरू हुए वर्क फ्रॉम होम से पीछा छुड़ाने की तमाम कोशिशें की गईं मगर 2024 में भी इसने कंपनियों का पीछा नहीं छोड़ा।

लक्जरी मकानों की कीमतें तो उतनी हो गईं, जितनी बड़ी कंपनियों के आला अफसरों का वेतन होता है। आईआईटी से निकले एक स्नातक को करियर की शुरूआत में ही लगभग 4 करोड़ रुपये सालाना का वेतन ऑफर किया गया, जो पहली नौकरी के लिहाज से अब तक का सबसे अधिक वेतन है। आखिर में इस साल के बजट में घोषित आम आदमी के काम की दो बड़ी योजनाएं इंटर्नशिप योजना और 70 साल से अधिक उम्र वालों के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू कर दी गईं मगर दोनों ही कोई धमाका नहीं कर सकीं। अब सरकार दोनों योजनाओं को दुरुस्त करने में जुटी है ताकि इनका ज्यादा असर हो सके। तब तक इस फेहरिस्त की पहली दस घटनाएं अपनी छाप छोड़ती रहेंगी।

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

भारतीय स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्मेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

–अमृतलाल मारू, रांची

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

– रोहित शाह, हजारीबाग

## ट्वीट

13 दिसंबर 2001 को लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए कायराना आतंकी हमले को विफल कर माँ भारती के सम्मान की रक्षा करने वाले वीर सपूतों को नमन।

देश की संप्रभुता और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों का यह राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। जय हिंद!

– कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक गांडेय

**जय** हिंद !जय बाबा बैद्यनाथ!

बाबा बैद्यनाथ समस्त राज्यवासियों को स्वस्थ जीवन, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। हर हर महादेव!

– हेमंत सोरेन सीएम

# बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाए रखें

-डॉ सत्यवान सौरभ

## सामयिक

बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी ₹चिकन नेक₹ और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाकी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दर्शाता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। अभ्यास सम्प्रीति भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मजबूत करते हैं। उदाहरण के लिएः बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है।

बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, उसने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मजबूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिएः सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए ₹अभ्यास सम्प्रीति₹ जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मजबूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी।

# भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

अजय कुमार

## राजनीति

**उत्तर** प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए। कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें।

बात बीएसपी की की जाए तो हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और यूपी के उपचुनाव में कांग्रेस व सपा के बीच बढ़ी दूरियों का सियासी लाभ बसपा को मिलने की उम्मीद है। पार्टी तेजी से बदले राजनीतिक घटना पर नजर बनाए हुए है। यदि कांग्रेस और सपा के बीच बात नहीं बनी तो इसकी वजह से बनने वाले तीसरे मोर्चा का बसपा अंग बन सकती है। जानकारों की मानें तो वर्तमान में पार्टी को अपना वजूद बचाने और देश की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता को बरकरार रखने के लिए इसकी जरूरत भी है। बसपा के इतिहास पर नजर डालें तो वर्ष 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में उसे बहुमत मिला था। इससे पहले बसपा दूसरे दलों की मदद से सरकार बनाती रही, जिसका लाभ उसे लोकसभा चुनावों में भी मिलता गया। वर्ष 2012 में बसपा ने फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया, जो गलत साबित हुआ। यही हाल 2017 के विधानसभा चुनाव में भी हुआ। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठजोड़ कर लोकसभा चुनाव लड़ा और 10 सांसदों वाली पार्टी बनी। हालांकि इसके बाद वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने से उसे भारी नुकसान का सामना करना पड़ गया। अब पार्टी की उम्मीदें तीसरा मोर्चा बनने पर टिकी हैं। वैसे तो मायावती सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों दलों को एक मंच पर ला सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो कांग्रेस को दरकिनार कर अगर तीसरा मोर्चा बना तो ममता बनर्जी उसकी निर्विवाद नेता बन सकती हैं। पहले उन्हें मायावती से चुनौती मिलने के जो समीकरण बने थे, वो बीते चुनावों में बसपा के लगातार घटते जनाधार की वजह से ध्वस्त हो चुके हैं। अब बसपा को अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए दूसरे दलों का सहारा लेना पड़ सकता है। मायावती अपने पुराने बसपाईयों को बुलावा दिया है।

## स्पीड न्यूज

### बलकुदरा में मना खान सुरक्षा सप्ताह



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र की भुरकुंडा परियोजना के आउट सोर्सिंग खदान माईन अ बलकुदरा में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रोहिणी प्रोजेक्ट के पीओ सह कार्यक्रम के कंवेनर राजेन्द्र प्रसाद ने झंडोत्तोलन कर किया। तत्पश्चात अतिथियों, अधिकारियों और सीसीएल कर्मियों ने सुरक्षा की सामुहिक शपथ लिया। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर दुर्घटनाओं और कोरोना काल के दिवंगत साथियों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। समारोह की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अधिकारियों ने सुरक्षा मापदंडो का भी निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

### वर्कर्स यूनियन ने सौंपा मांग पत्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल माइंस वर्कर्स यूनियन और आरए मीनिंग कंपनी प्रबंधन के बीच गुरूवार को सयाल परियोजना कार्यालय में एजेंडा मीटिंग हुई। वार्ता में आरए मीनिंग की ओर से सयाल पीओ सुबोध कुमार, इंचार्ज जितेंद्र सिंह मौजूद थें। एजेंडा मीटिंग में और यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने माईनिंग में काम करने वाले मजदूरों को कोल इंडिया का हाई पावर कमेटी का वेतन लागू करने, मजदूरों से 8 घंटा काम लेने, सीएमपीएफ देने, सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने आदि की मांग की। जिसपर मीनिंग प्रबंधन जितेंद्र सिंह ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जहां ही जरूरत होगी वहां पानी का छिड़काव किया जाएगा। यूनियन के तरफ से जो मांग पत्र दिया गया उसपर सकारात्मक पहल की जायेगी। डॉ. आशीष कुमार ने कहा है कि हमारी मांगों पर पहल नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। वार्ता में शाखा सचिव राहुल सिंह व प्रबंधन की ओर से मैनेजर असलम खान, विनोद कुमार पांडेय, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

### रोटरी क्लब ने दिव्यांग को दिया व्हील चेयर



भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत उरीमारी गरसुला बीहड़ टोला निवासी विनोद बेदिया की पुत्री दिव्यांग अनिता कुमारी को व्हील चेयर प्रदान किया है।अनिता को व्हील चेयर उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम व रोटरी क्लब भुरकुंडा अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने सौंपा। प्रवीण शर्मा ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य ही जरूरतमंदों की सेवा करना है। दिव्यांग की मदद करना पुण्य का कार्य है। अब अनिता इस व्हील चेयर के उपयोग से आवागमन की परेशानियों को दूर कर सकेगी। मौके पर रोटरी क्लब भुरकुंडा के सचिव रंजीत गुप्ता, डा एनके सिंह, अजय गोयल, चंद्रशेखर अग्रवाल, कर्मवीर सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, उमेश बेदिया, सिकासन करमाली, लाल बहादुर मांझी, सुरेंद्र बेदिया, पवन बेदिया, मुकुंद बेदिया सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### जनता मजदूर संघ की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। 17 सूत्री मांगो के लेकर जनता मजदूर संघ और भुरकुंडा प्रबंधन के बीच भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को बैठक हुई। यूनियन ने प्रबंधन को अपनी सभी 17 मांगों से अवगत कराया। जिसपर प्रबंधन ने सबों मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में भुरकुंडा जनता मजदूर संघ के सचिव बैजनाथ कुमार, अध्यक्ष सन्नारायण ठाकुर, राहुल झा, रेणुका देवी, गणेश भौमिक, अर्जुन साहू, एरिया के पदाधिकारी चमन मुंडा, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, महेंद्र सिंह, राजु मल्होत्रा, लोकेश कुमार और प्रबंधन की ओर से मैनेजर कमर फहीम, प्रोजेक्ट इंजीनियर अंकुर विश्वनाथ, सिविल इंजीनियर बालमुकुंद कर, पर्सनल मैनेजर भंडारी, रामकुंदन महतो, मैनेजर अंडरग्राउंड राजीव रंजन, जितेंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधियों का कुजू में स्वागत



कुजू। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग व रामगढ़ जिला के लिए सांसद प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया है। जिसमें हजारीबाग जिला के सांसद प्रतिनिधि के रूप में अनिल मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल है। सभी नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों का भाजपा कार्यकताओं ने कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्पलेक्स में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने जिस आशा और विश्वास के साथ हम सभी को अपना प्रतिनिधि प्रतिनियुक्त किया है, हम सभी उस पर खरा उतरने के साथ क्षेत्र के जनता के समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। स्वागत करने वालों में रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदीप सिन्हा, मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, महामंत्री अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद, अरविंद कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, भाजपा नेता आशीष साहू, गणेश सोनी, शंभूलाल ठाकुर, पंचित महतो, सूरज महतो, वीरेंद्र करमाली, श्रवण साह, रामू तूरी, राजू प्रसाद आदि शामिल थे।

# उपायुक्त ने की सीएसआर योजनाओं की समीक्षा

## संचालित योजनाओं की सूची दें सभी कंपनियां



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक गुरूवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने सीएसआर मद से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कंपनियों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा उनके द्वारा किए जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा निश्चित रूप से अच्छे कार्य किए गए है जो एक सकारात्मक पहल है। सीएसआर मद से जिला स्तर पर गैप फिलिंग का कार्य किया जाता है। इस मद का सदुपयोग कर और भी कई इनोवेटिव कार्य किए जा सकते है। बैठक में अडानी इंटरप्राइजेज, एनटीपीसी, एनएमडीसी, सीसीएल, जेडब्लूएस, ओएनजीसी, प्रभा एनर्जी के पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके द्वारा बच्चों को सोलर लाइट सिस्टम, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट,आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, डीप बोरिंग,महिलाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण व कई सीएसआर एक्टिविटी कराई जा रही है। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से संचालित सभी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने कंपनी के पदाधिकारियों को सीएसआर मद से संचालित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि लोकहित में नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद,योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी व विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रामगढ़ जिले में कल से शुरू होगी धान की खरीद : डीसी

## बिचौलियों से रहे सावधान केंद्र पर ही बेचें धानः उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ ।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम 2024 - 25 के तहत 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य शुरू होना है। इस संबंध में उपायुक्त चंदन कुमार ने रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी हालत में बिचौलियों से सावधान रहे एवं अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही धान की बिक्री करें। उन्होंने जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए सभी किसानों को इसके प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है। इस वर्ष किसानों से क्रय किए जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 प्रति क्विंटल के दर से निर्धारित है एवं बोनस के रूप में प्रति क्विंटल ?100 भी दिए जाने हैं। इस तरह प्रति क्विंटल धान के लिए किसानों को ?2400 का भुगतान किया जाएगा ।

वहीं, धान की बिक्री करते ही 50 फीसदी राशि तत्काल रूप से पीएफएमएस के माध्यम से किसानों को भुगतान कर दी जाएगी। रामगढ़ जिले में धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए अलग-अलग प्रखंडों में कुल 24 पैक्स केंद्रों गोला प्रखंड में 5, चितरपुर प्रखंड में 3, रामगढ़ में 2 दुलमी में 5 पतरातू में 4 एवं मांडू 5 पैक्स के केंद्रों को चिन्हित किया गया है।

### फिल्म डिजिटल अरेस्ट यूट्यूब पर हुआ रिलीज दर्शकों ने की सराहना

**दारू।** शराबखोरी, प्रौढ़ शिक्षा, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, कोविड 19 , जामताड़ा साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत मुद्दों पर फिल्म बना चुके दारू प्रखंड के दारु खैरका निवासी फिल्म निर्माता निर्देशक पंकज हिंदुस्तानी पिता रामचंद्र प्रसाद ने इस बार वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम पर आधारित लघु फिल्म डिजिटल अरेस्ट बनाई है । फिल्म को 12 दिसंबर को यूट्यूब चैनल पंकज हिंदुस्तानी शो में रिलीज कर दिया गया है । रिलीज के साथ ही इस फिल्म को हजारों लोग देख चुके हैं और इसे लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात में डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों को जागरूक किया था उसी से प्रेरित होकर पंकज हिंदुस्तानी ने इस लघु फिल्म को बनाया है । इस फिल्म के मुख्य कलाकार मानिक चक्रवर्ती, पंकज हिंदुस्तानी, और राकेश गुप्ता हैं ।

# जविप्र में कालाबाजारी का खेल

- जविप्र प्रतिनिधि केवाइसी के लिए पीओएस मशीन लेकर पहुंचा मुंबई
- बसरिया के अंशु महिला मंडल ने किया 61 क्विंटल चावल और तीस क्विंटल गेहूं का गबन,
- एमओ ने जांच में पाया गड़बड़ी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** प्रखंड में जन वितरण प्रणाली में गड़बड़झाला का मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला अपने आप में अनूठा है। आरोप लगाया गया कि अंशु महिला मंडल बसरिया द्वारा दिसंबर माह का अनाज वितरण नहीं किया जा रहा है। संबंधित महिला मंडल के पीओएस मशीन को ईकेवाईसी के लिए संचालक राजाराम इंद्र गुरु द्वारा मुंबई ले जाया गया है। इस शिकायत पर एमओ भुपनाथ महतो ने जांच शुरू की। स्थलीय जांच में उन्होंने पाया कि दिसंबर माह का न तो अनाज वितरण किया जा रहा है और न ही लाभुकों का ईकेवाईसी ईपोस मशीन से हो रहा है। जब ईपोस मशीन की खोज की गई तो पाया गया कि महिला मंडल के प्रतिनिधि द्वारा मशीन को मुंबई ले जाया गया है। एम ओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि अंशु महिला मंडल द्वारा कुल आंबटित चावल में 114 क्विंटल में 53 क्विंटल पाया और गेहूं में 46.43 क्विंटल में 16.5 क्विंटल पाया गया। यानि कुल गबन 61 क्विंटल चावल तथा तीस क्विंटल गेहूं का पाया गया। उक्त मंडल पहले भी कई बार चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है। बताया जाता है कि उक्त गाँव के बहुसंख्यक लोग मुंबई में रहते हैं। संचालक ने मशीन को लेकर मुंबई की दौड़ लगा दी। इस घोटाले पर सबकी नजर है, देखना है की प्रशासन इसपर कोई कार्रवाई करती है या जांच की बात जांच तक ही रह जाती है।

### सुभाष चंद्र बोस स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन आयोजित



**हजारीबाग।** मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रंगोली और साइंस एग्जीबिशन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने विधायक का स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सदर विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के जरिये प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। इन आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना का भी विकास होता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

# प्रखंड में अब अवैध लेनदेन नहीं चलेगा : तिवारी महतो

- मांडू प्रखंड मुख्यालय में किया विधायक ऑफिस का उद्घाटन
- समस्याओं के लिए जनता से कार्यालय आने का किया आग्रह



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** मांडू प्रखंड में अब किसी भी प्रकार का अवैध लेनदेन अब नहीं चलेगा। ना हम खाएंगे और ना ही किसी भी पदाधिकारी को खाने देंगे। उक्त बातें मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कही। महतो शुक्रवार को मांडू प्रखंड मुख्यालय में विधायक कार्यालय उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मेरे शासनकाल में अब किसी भी प्रखंड में भ्रष्टाचारियों व दलालों की दाल नहीं गलेगी। चाहे अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास या फिर कोई भी योजना हो। उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा शिकायत मिलती थी कि लाभुकों से 15 से 20 हजार की वसूली की जाती है। इस पर उन्होंने प्रखंड के सारे पदाधिकारियों को किसी भी कार्य में कमीशन नहीं लेने का निर्देश दिया। इधर उन्होंने कहा कि मांडू को अनुमंडल और करमा को प्रखंड तथा बालू को फ्री करने की मांग को लेकर विधानसभा में मामला उठाया और लिखित आवेदन विधानसभा अध्यक्ष को दिया गया है। साथ ही कहा कि कोई भी शिकायत हो सीधा मेरे कार्यालय में आकर जमा करे, निश्चित तौर पर समाधान किया जायेगा। इससे पूर्व विधायक ने विधायक कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर प्रमुख चंद्रमनी देवी, बीडीओ ऋतिक कुमार, सीओ विमल कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनीता सिंह, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, जयकिशोर महतो, गुड्डू सिंह, मदन महतो, बैजनाथ राम, विवेक गुप्ता, अमित ठाकुर, अक्षय महतो सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर में

### मथुरा नगर की रास्ता खाई में तब्दील



टाटीझरिया। मांडू विधान सभा क्षेत्र के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत गोधीया गांव के मथुरा नगर टोला के समीप टाटीझरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय और टाटीझरिया थाना क्षेत्र को जोड़ने वाला रास्ते की स्थिति काफी जर्जर होकर रास्ता खाई में तब्दील हो गया। इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में झरपो,भराजो,खैरा, डहरभंगा पंचायत से विभिन्न गांवों के लोगों का आवागमन प्रखंड सह अंचल कार्यालय टाटीझरिया और टाटीझरिया थाना,मंगल बाजार पैदल, साइकिल,मोटर साइकिल,चार पहिया वाहनों से जान को जोखिम डालकर आवागमन होता है। भराजो पंचायत के समाज सेवी प्रभु यादव ,भराजो झामुमो पंचायत अध्यक्ष अजित कुमार, इब्राहिम अंसारी, ने कहा कि अब तक इसी रास्ते से आवागमन कर रहे हजारों लोगों को अब तक आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।कई लोगों का हाथ , पैर टूटे तो कई लोग जख्मी हो गए। इसी रास्ते अब तक कई नेता मंत्रियों का आवागमन होता है लेकिन अब तक किसी ने समस्या का समाधान नहीं करवाया। वही मथुरा नगर निवासी बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र और मांडू विधान सभा क्षेत्र के सीमा वर्ती निवासी बसंत प्रजापति ने कहा कि अब तक कई मांडू विधान सभा क्षेत्र में विधायक भोट के समय आते है और सड़क पुल पुलिया के निर्माण को लेकर सिर्फ आश्वासन देते रहते है।

### प्याऊ केंद्र व विवाह भवन मरम्मत का उद्घाटन



**बरकट्ठा ।** प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति के 15 वित्त योजना से निर्मित प्याऊ केंद्र और विवाह भवन मे विशेष मरम्मत कार्य का उदघाटन प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, पंस सदस्य प्रीति गुप्ता, यूसुफ अंसारी, रामचंद्र साव, मंजू देवी, बालेश्वर पंडित, संजय कुमार गुप्ता, सूरज मोदी, दिलीप दास समेत आदि लोग मौजूद थे।

### भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को ध्रुव की कथा सती की कथा एवं राजा परीक्षित के श्राप की कथा का सार बताया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ तीसरे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, राजन नायक सहित दर्जनो श्रद्धालु जुटे हैं।

### कुजू में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



कुजू। कुजू चौक में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के सम्बंध में अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में चलंत लोक अदालत विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। इस दौरान शिविर में मुख्य रूप से शामिल लीगल एंड डिफेंस काउंसिल मोहन महतो, अधिकार मित्र आशीष कुमार, चंदन कुमार ने स्थानीय लोगों को लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, राष्ट्रीय लोक अदालत, विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सकता है।

### बच्चों को दें बेसिक शिक्षा : बीडीओ



कटकमदाग। प्रखंड के अडरा पंचायत अंतर्गत बिरहोर टंडा सलगा का कटकमदाग बीडीओ शिव बालक प्रसाद ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरहोर परिवार से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। टंडा स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सलगा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कई सवाल कर नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को मनोरंजनात्मक बेसिक शिक्षा पर विशेष जोर देने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति होनी चाहिए। साथ ही विद्यालय के बच्चों को एमडीएम भोजन गुणवत्तापूर्ण मीनू के अनुरूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने टंडा में निमार्णाधीन आवास का भी जायजा लिया। मौके पर पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार, राजीव कुमार शर्मा व स्वयंसेवक अजय कुमार उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर व बोल्डर लदा एक हाईवा जब्त

मरकच्चो (कोडरमा)। अवैध बालू उत्खनन को लेकर जिला प्रशासन काफी सक्रिय है। वहीं शुक्रवार की सुबह मरकच्चो सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर एवं अवैध बोल्डर लदा एक हाईवा को जप्त करते हुए थाना ले आए। इस दौरान उन्होंने बताया कि अवैध बालू उत्खनन को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। दोनों ट्रैक्टर केशो नदी से बालू लादकर बरियारडीह की ओर जा रहे थे। दोनों बालू लदे ट्रैक्टर से बालू संबंधित कागजात की मांग की गई तो ट्रैक्टर चालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं दूसरी ओर हाईवा से भी बोल्डर संबंधित कागजात की मांग किया गया एवं चालक द्वारा बोल्डर संबंधित कोई कागजात नहीं दिया गया। वहीं दोनों ट्रैक्टर तथा हाईवा को जब्त करते हुए अग्रसर करवाही के लिए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

### धर्मशाला और बैंक्वेट हॉल संचालक करें नियमों का पालन : रणधीर

कोडरमा। झुमरीतिलैया शहर की धर्मशालाओं और बैंक्वेट हॉल की सुरक्षा व पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में नगर प्रबंधक सह नगर पर्षद के नोडल पदाधिकारी रणधीर वर्मा के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न धर्मशालाओं और बैंक्वेट हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान पंजाबी धर्मशाला, साहू धर्मशाला, प्रजापति भवन, रॉयल सेलिब्रेशन, अशोका होटल, माहुरी धर्मशाला, मोदी धर्मशाला, एमआर होटल, विवेक विला, पीजी होटल, शिव वाटिका समेत अन्य स्थानों की जांच की गयी। निरीक्षण टीम ने धर्मशालाओं और बैंक्वेट हॉल के संचालन में अनिवार्य सुविधाओं में बिजली, प्रकाश, जलापूर्ति, अग्निशमन सुरक्षा, प्रवेश और निकास की व्यवस्था, पार्किंग सुविधा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालय की व्यवस्था और भोजन बनाने की स्थिति में धुआं निकासी और प्रदूषण नियंत्रण की व्यवस्था का मूल्यांकन किया। वहीं टीम ने पाया कि कुछ स्थानों पर इन व्यवस्थाओं का अभाव था, ऐसे में संबंधित संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे इन सुविधाओं का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें। वहीं संचालकों को झारखंड नगर पालिका अधिनियम-2011 और झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली-2013 के तहत अनिवार्य पंजीकरण कराने का निर्देश दिया।

### कांग्रेस विधायक दल का नेता एवं उप नेता चुने जाने पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

कोडरमा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पोडैयाहाट विधायक प्रदीप यादव को कांग्रेस विधायक दल का नेता एवं बेरमो विधायक अनूप सिंह मुख्य सचेतक झारखंड विधानसभा तथा खजरी विधायक राजेश कच्छप उप नेता कांग्रेस विधायक दल चुने जाने पर हर्ष जताया है। इस संबंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि झारखंड में इंडिया गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने पर हेमंत सोरेन की नेतृत्व में सरकार बनी है, जिसमें आम जनों को काफी राहत मिली है। झारखंड की सरकार ने मुख्य रूप से मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, बिजली बिल ऋण माफी, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को दुगना वेतनमान, पत्रकार स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, महिला पोषण सखी को पुनः बहाली का लाभ दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत सारी कल्याणकारी योजना के साथ आम जनों को जोड़ा गया है और उनको सीधा लाभ उनको मिल रहा है। बधाई देने में लीलावती मेहता, निर्मल कुमार ओझा, राजेंद्र जयसवाल, मनोज सहाय पिंकू, सुरेंद्र यादव, नारायण बर्णवाल, प्रदीप सिंह, संजय सेठ, मुंशी यादव, चंद्र भूषण साहू, उपेंद्र सिंह, राम लखन पासवान, बेबी सिन्हा, अर्चना सिंह, पवन सिंह, नागेश्वर राम समेत सैकड़ों कांग्रेसी नेता कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

# युवक को सरेआम पीटने, नंगा घुमाने व वीडियो वायरल करने के तीन आरोपी युवक गिरफ्तार

- तिलैया पुलिस ने आरोपी तीन युवकों को भेजा जेल अन्य की तलाश में जुटी



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र के नरेश नगर के रहने वाले एक युवक को सरेआम पीटने व नंगा घुमाने तथा वीडियो वायरल करने वाले दोषियों को तिलैया पुलिस ने कांड संख्या 327/24 में तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों में अभय कुमार उर्फ मिष्टी, पियुष कुमार व संजू राम उर्फ संजय राम देवी मंडप रोड निवासी के नाम शामिल हैं। जबकि इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्त अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिसको लेकर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

पीड़ित की मां ने थाने में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई थी, मामले को लेकर पीड़ित की मां नूतन देवी, पति इंद्रदेव सिंह ने अभय कुमार उर्फ मिष्टी कुमार, पिता लालदीप कुमार पर उनके बेटे रोहित कुमार के साथ मारपीट कर नंगा घुमाने व वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर पीड़ित की मां नूतन देवी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

**वीडियो व फोटो वायरल होने से सदमे में है रोहित : नूतन देवी**

मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत के दौरान नूतन देवी ने बताया कि उनका बेटा इस घटना के बाद से सदमे में है और वह खुद में काफी शर्मिन्दगी महसूस कर रहा है। मुझे डर है कि वह कहीं किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे दे। बता दें कि रोहित के पिता बैंगलोर के किसी निजी कंपनी में कार्यरत हैं और उनकी पत्नी नूतन देवी झुमरीतिलैया में अकेले ही रहती हैं। अभय उर्फ मिष्टी के पिता बतौर होम गार्ड सिपाही के तौर पर कार्यरत हैं और फिलहाल पदमा में पोस्टेड हैं।

**मिष्टी की बहन से था प्रेम प्रसंग, मिष्टी को मालूम चला तो उसने रोहित को मंदिर परिसर में नंगा कर घुमाया**

नूतन देवी द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया कि उनका छोटा बेटा रोहित कुमार मिष्टी की बहन से प्रेम करता था। यह बात जब मिष्टी को पता चली तो उसने धोखे से मेरे बेटे को देवी मंडप रोड स्थित मंदिर प्रांगण में बुलाया। जब मेरा बेटा वहां पहुंचा तो उसने देखा कि मिष्टी व उसके 10-12 अन्य साथी लाठी-डंडा व धारदार हथियार तथा पिस्टल लेकर घात लगाए बैठे हुए थे। जैसे ही रोहित वहां पहुंचा उनलोगों ने इस पर प्रहार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। वे लोग इतने पर भी नहीं माने और रोहित को निर्वस्त्र कर पूरे मंदिर परिसर में घुमाया। इन सारी घटनाओं को मिष्टी के साथियों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया और दो दिन पूर्व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर शेयर कर दिया।

## एसपी ने कोडरमा थाना का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा-निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को कोडरमा थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी सुजीत कुमार व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया जो एक नियमित प्रक्रिया है, जो सभी थाना का निरीक्षण किया जाना होता है। इस दौरान कोडरमा थाना में लंबित मामलों की समीक्षा की गयी।

वहीं उन्होंने थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारियों को क्राइम कंट्रोल, गृह भेदन, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि नये वर्ष में पिकनिक स्पॉट पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी, ताकि नये साल का उत्सव शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सके।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र सोलो डांस में प्रथम व द्वितीय एवं विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरे स्थान पर रहे

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सोलो डांस में प्रथम और द्वितीय एवं विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरे स्थान पर रहा। ज्ञात हो की नेहरू युवा केंद्र एवं युवा खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन गुरुवार को किया गया। जहां विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एकल लोकनृत्य, कविता लेखन, चित्रकला एवं विज्ञान मेला में हिस्सा लिया। सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें सोलो डांस में प्रथम एवं द्वितीय दोनों ही स्थान पर बीआर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा साक्षी एवं राइमा बॉस रहीं। वहीं साइंस एक्ज़िबिसन रोबोटिक मॉडल को प्रस्तुत करते हुई जिले में तीसरे स्थान पर रहा। वहीं रोबोटिक की तैयारी विज्ञान शिक्षक विकाश कुमार एवं कमलेश कुमार के गाइडेंस में अमन कुमार, सोनू कुमार, अनामिका कुमारी ने तैयार किया।

वहीं निदेशक ओपी राय, उप प्राचार्य नवल किशोर, अकादमिक इंचार्ज मुक्तेश शर्मा, विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार ने सभी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं ओपी राय ने कहा कि खेल विभाग के द्वारा इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय है। इससे बच्चों को जिला स्तर पर बेहतर मंच मिलता है, जहां बच्चे अपनी छुपी प्रतिभा को दिखाते हैं। वहीं अकादमिक इंचार्ज ने कहा युवा उत्सव कार्यक्रम से बच्चे व युवा प्रेरणा लेकर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़े व विकसित भारत का हिस्सा बने। उन्होंने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग की अपील की। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण व भीप़ीडी. सर्विलांस को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

- बाल रोग से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी : डॉ रंजीत
- मातृ शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध : डॉ. कुलदीप



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। सिविल सर्जन कार्यालय में जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण की सुदृढ़ीकरण एवं भीप़ीडी. सर्विलांस को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड डाटा प्रबंधक एवं कोल्ड चैन हैण्डलर के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला में टीकाकरण के साथ-साथ निगरानी को सुदृढ़ बनाना एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रखंड स्तरीय उन्नमुखीकरण कराने हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने टीका की अहमियत गुणवत्ता एवं मामुली तकलीफ जो टीकाकरण के उपरांत होती है, उसके बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

वहीं डीएस सह एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि जिले में नियमित टीकाकरण को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से सुदृढ़ बनाना है, ताकि टीकाकरण से कोई भी बच्चा न छूटे। बाल रोग से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है।

जिला आरसीएच पदाकिारी डॉ. कुलदीप कुमार ने कहा कि मातृ शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसको सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रणनीति बनायी है। इस दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मातृ शिशु स्वास्थ्य के लिए नियमित टीकाकरण काफी आवश्यक है। टीकाकरण के मायम से दी जाने वाली वैक्सीन शरीर में संबंाित रोग से लड़ने की प्रतिरोाक क्षमता को बढ़ाता है। मौके पर डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ आशीष कुमार यादव, डॉ. मणिकांत गुप्ता, डॉ. शालिनी कौशल, डॉ. विकास चौरी, डॉ. टिकेश्वर नाथ, डॉ. आर्यन कुमार, डीपीएम महेश कुमार, पवन कुमार, शैलेंद्र तिवारी, मनोज राम, र्मिन्द्र राम, मोनाजीर अहसन, रंजीता सेठ, रेमिश हेम्ब्रोम, शंभु कुमार, मुकेश राणा, अक्षय कुमार झा, सन्नी कुमार, दीपक कुमार समेत सभी प्रखंडो के एक-एक चिकित्सा पदाधिकारी एवं कोल्ड चैन हैण्डलर आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## चिराग पासवान आज चतरा में करेंगे नव संकल्प महासभा को संबोधित




- समाजसेवी प्रेम सिंह हजारों समर्थकों के साथ थामेंगे लोजपा (रा) का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। केंद्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 14 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचेंगे। इस दौरान वे चतरा कॉलेज के समीप स्थित मैदान में आयोजित पार्टी के पहले नव संकल्प महासभा, अभिनंदन सह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मंत्री चिराग पासवान 11 बजे हवाई मार्ग से चतरा पहुंचेंगे। शहर के बाबा घाट मैदान में पार्टी के सांसद, विधायक व पदाधिकारियों के अलावे कार्यकताओं के द्वारा उनका स्वागत करने के बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल चतरा कॉलेज मैदान लाया जाएगा। जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में चिराग पासवान विधानसभा चुनाव में एनडीए के सहयोग से विजयी रहे लोजपा (रा) के प्रत्याशी जनार्दन पासवान की प्रचंड जीत पर जनता का आभार प्रकट करेंगे और नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन करेंगे। इसके साथ ही चतरा के चर्चित समाजसेवी प्रेमचंद सिंह उर्फ प्रेम सिंह हजारों समर्थकों के साथ लोजपा (रा) में शामिल होंगे। चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस महासभा में राजद समेत कई अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता एलजेपी में शामिल होंगे।

### एक नजर में

### विकास योजनाओं की प्रगति पर बीडीओ ने की समीक्षा, कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश




हंटरगंज। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, और 15वें वित्त समेत अन्य योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। इस दौरान बीडीओ ने योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड राज पदाधिकारी योगेश शर्मा समेत कई अधिकारी और पंचायत सेवक उपस्थित रहे।

### झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ का पुनर्गठन, सुभाष सिंह बने प्रदेश महासचिव



चतरा। शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान के नीलांबर-पीतांबर पार्क में झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश कमेटी को भंग कर उसका पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से शशि कुमार रौनियार को प्रदेश अध्यक्ष और सुभाष सिंह को पुनः प्रदेश महासचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का जिला अध्यक्षों ने बुके देकर स्वागत किया और बधाई दी। बैठक के दौरान नवगठित प्रदेश कमेटी ने आगामी विस्तार और गतिविधियों पर चर्चा की। अध्यक्ष और महासचिव ने घोषणा की कि जल्द ही कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें कृषक मित्रों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा। इस मौके पर दु:खभंजन निराकार, प्रकाश महतो, धर्मेंद्र यादव, प्रमोद उरांव, कर्मदयाल साहू, अक्षय दे, बिक्की राज, जगदीश महतो, अवनीत सिंह, सिरीश सिंह समेत कई कृषक मित्र मौजूद रहे।

### भेड़िया पकड़ने के लिए वन विभाग की मुहिम तेज, थर्मल कैमरों से हो रही निगरानी



इटखोरी। थाना क्षेत्र के करमा और गणेशपुर क्षेत्र में भेड़िया के आतंक को समाप्त करने के लिए वन विभाग ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भेड़िया के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए थर्मल पावर कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वन विभाग ने विशेषज्ञों की एक टीम को करमा और गणेशपुर भेजा है, जो भेड़िया को पकड़ने के लिए रणनीति बना रही है। विभाग के कर्मचारी रातभर जागकर इन इलाकों में निगरानी कर रहे हैं, ताकि भेड़िया को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके और क्षेत्र में फैली दहशत को खत्म किया जा सके। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भेड़िया के मूवमेंट और व्यवहार पर लगातार नजर रखी जा रही है। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे सतर्क रहें और विभाग को किसी भी गतिविधि की सूचना दें।

### इटखोरी में खुलेआम हो रहा बालू का अवैध खनन, सरकार के आदेश की उड़ी धज्जियां



इटखोरी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अवैध खनन पर रोक के आदेश को इटखोरी में बालू माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत ने पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। टोनाटांड़ और हलमत्ता घाट से रोजाना बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। बालू कारोबारी वन क्षेत्र के रास्तों को सेफ जोन बनाकर वहां से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर बालू चौपारण और हजारीबाग शहर तक पहुंचा रहे हैं। इन गतिविधियों ने न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि शासन-प्रशासन के आदेशों की भी अनदेखी की है। जानकारी के अनुसार, इन खनन गतिविधियों में न केवल स्थानीय बालू माफिया, बल्कि अन्य बाहरी लोग भी शामिल हैं। आरोप है कि संबंधित विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मियों की शह पर यह कारोबार चल रहा है। ट्रैक्टरों की आवाजाही और खनन कार्य रात के अंधेरे में भी जारी रहता है, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। वहीं, कुछ लोग इस बात को भी उजागर कर रहे हैं कि वैकल्पिक रोजगार न मिलने और पुनर्वास योजनाओं की कमी के चलते कई स्थानीय लोग भी इस अवैध खनन में शामिल हो रहे हैं। अवैध खनन रोकने के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन के सामने यह एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। अब देखना होगा कि इस मामले में मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करते हुए प्रशासन क्या कदम उठाता है।

### चतरा उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आम जनों की समस्याएं, जल्द समाधान का दिया आश्वासन



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, पेयजल आपूर्ति, वन विभाग और एनटीपीसी परियोजना से जुड़े मामलों समेत अन्य समस्याएं सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन किया और आमजनों को जल्द से जल्द उनके मामलों का समाधान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन इन मामलों पर प्राथमिकता से कार्य करेगा। ज्ञात हो कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे से 01.00 बजे तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जहां आम लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और उनका समाधान प्राप्त करते हैं।

### अनियंत्रित कोल वाहन पलटा, चालक-उपचालक बचे

चतरा। सिमरिया थाना क्षेत्र के डेल्हो हो घाटी में गुरुवार की रात एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए। हाईवा वाहन आम्रपाली कोल माइंस से कोयला लेकर रेलवे सिडिंग कटकमसांडी जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। चालक और उपचालक को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने कोयला वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि घाटी क्षेत्र में ऐसे हादसे अक्सर होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन और कोल परिवहन कंपनियां इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठातीं।

## हनुमान संकीर्तन मंडल 42 वर्षों से भक्ति, सेवा और सांस्कृतिक एकता का है प्रतीक

- हर शनिवार भजन-कीर्तन के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक चेतना का कर रहा प्रसार
- आज मण्डल का 2300वां कीर्तन होगा आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। झुमरीतिलैया शहर में जहां भक्ति के सुर जीवन को आनंदमय बनाते हैं, वहीं सेवा और समर्पण समाज को एकजुट करते हैं। हनुमान संकीर्तन मंडल 42 वर्षों से इसी संदेश को जीते हुए हर शनिवार को भजन-कीर्तन का अद्वितीय आयोजन किया है। यह केवल एक मंडल नहीं, बल्कि आस्था का ऐसा दीप है, जो न केवल धार्मिक चेतना जगाता है, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। ढोलक और हारमोनियम की मधुर ध्वनि, मिश्री-बेदाम प्रसाद की मिठास और गायक-म्यूजिशियन की निस्वार्थ सेवा, सब मिलकर हर कीर्तन को एक दिव्य अनुभव बना देते हैं। चाहे गर्मी हो या सर्दी, यह मंडल हर परिस्थिति में अपने कार्यक्रमों को उसी ऊर्जा और उत्साह से आयोजित करते है। शहर के इस प्रेरणादायक संगठन ने भक्ति को जीवन का आधार बनाते हुए हर दिल में भगवान का नाम स्थापित कर दिया है।

**ढोलक और हारमोनियम के सुरों पर होता है कीर्तन :** मंडल हर शनिवार को संया 7 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न स्थानों पर संकीर्तन का आयोजन करता है। कार्यक्रम में ढोलक और नए हारमोनियम के सुरों के साथ भजन गाए जाते हैं। मिश्री और बेदाम प्रसाद का वितरण भक्तों को किया जाता है। गायक और म्यूजिशियन पूरे मनोयोग से बाबा के नाम पर सेवा करते हैं।

**कीर्तन आयोजन की विशेष व्यवस्था :** मंडल द्वारा माइक दरी और 5 देवी-देवताओं की तस्वीरें उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि कार्यक्रम के दौरान भक्ति का माहौल बना रहे। कीर्तन की बुकिंग 2 से 3 महीने पहले ही हो जाती है। आयोजन स्थल पर गृहस्वामी केवल चाय की व्यवस्था करते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कोई खर्चा मण्डल स्वयं वहन करता है।

**सदस्यों की प्रेरणा से जन्मीं अन्य संस्थाएं :** हनुमान संकीर्तन मंडल को धार्मिक संस्थाओं की 'यूनिवर्सिटी' माना जाता है। इसकी प्रेरणा से श्री श्याम मित्र मंडल, ओम संकीर्तन मंडल, श्री राम संकीर्तन मंडल जैसी कई संस्थाओं का गठन हुआ, जो साप्ताहिक व मासिक कीर्तन कर रही हैं।

**सुंदरकांड से मंगल पाठ तक का सफर :** पिछले 40 वर्षों से हनुमान जन्म उत्सव पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन होता था, जिसमें 30-50 लोग शामिल होते थे। लेकिन पिछले 3 वर्षों से सुन्दरकांड में 500 से अधिक महिलाएं, पुरुष और विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। यह भक्ति की गहराई को दर्शाता है।

**धार्मिक साधनों में भी बदलाव :** 42 वर्षों से चले आ रहे हारमोनियम को तीन महीने पहले रांची से मंगवाए गए नए एल्यूमीनियम हारमोनियम से बदला गया। इससे कीर्तन में संगीत की मधुरता और बढ़ गई है। हनुमान संकीर्तन मंडल की यह भक्ति यात्रा आज भी सामाजिक भेदभाव को मिटाते हुए आस्था और सेवा की नई परिभाषा गढ़ रही है।

**भक्ति की मिसाल है मंडल की निरंतरता**

1982 में अड्डी बंगला रोड स्थित चौधरी ब्रदर्स के हनुमान मंदिर से शुरू हुआ यह मंडल आज भी अपने साप्ताहिक कीर्तन को बिना किसी रुकावट के आयोजित कर रहा है। चाहे गर्मी हो, बरसात या ठंड, मंडल के सदस्य हर परिस्थिति में भक्ति के इस सिलसिले को जारी रखते हैं। 1984 में प्रशासन ने कर्फ्यू के दौरान मण्डल के सदस्यों को विशेष कार्ड जारी किया, ताकि वे कीर्तन में शामिल हो सकें। कोरोना काल (लॉकडाउन) में भी यह मंडल ताली कीर्तन के रूप में भजन कीर्तन करता रहा। इस दौरान मण्डल के पदाधिकारियों ने नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए अपनी संख्या में भी कमी कर दी, ताकि व्यवधान न आए और सभी सुरक्षा उपायों का पालन हो सके।

## 15 दिसंबर से धान की खरीद पैक्स में शुरू, किसानों को मिलेगा बेहतर मूल्य

- उपायुक्त ने की धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य मुख्यालय द्वारा निर्धारित 1.5 लाख क्विंटल धान क्रय लक्ष्य पर चर्चा की गई, और यह बताया गया कि प्रत्येक किसान से अधिकतम 200 क्विंटल तक धान खरीदी जाएगी, साथ ही फसल में नमी की सीमा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उपायुक्त ने पिछली विपणन वर्ष में लैम्पस के माध्यम से धान क्रय की समीक्षा की और इस वर्ष की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। किसानों को लैम्पस में ही धान बेचने के लिए प्रेरित करने, बिचौलियों से बचने और सरकारी मूल्य पर विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, गोदामों की सफाई, वजन मशीनों और नमी जांचने की मशीनों की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। पैक्स के लिए 38 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 31 को चयनित किया गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों से बचें और सरकारी मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल प्राप्त करें। सभी तैयारी 15 दिसंबर से धान बिक्री के लिए पूरी कर ली गई है। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों के बीच जानकारी प्रसार करने और पोर्टल पर अधिक निबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, कृषि पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# पंचायत समिति की बैठक में विभागवार संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# जंगली हाथियों के उत्पात और आतंक का मुद्दा बैठक में गरमाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरीय पंचायत समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मनीषा उरांव व संचालन बीडीओ चंदन प्रसाद ने किया। बैठक के दौरान प्रखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में संचालित विकास योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। इस दौरान 15 वें वित से वर्ष 2024-25 के लिए संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, मनरेगा मद से संचालित योजना, अबुआ आवास, बिजली विभाग, पशुपालन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी समेत कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। पंचायत समिति की बैठक में प्रखण्ड में विभिन्न पंचायतो के पंससो ने विगत 3 वर्षों से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बदस्तूर जारी जंगली हाथियों के उत्पात व आतंक का मुद्दा उठाया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि गत 3 वर्षों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है, जंगली हाथियों के उत्पात के कारण दर्जनों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है साथ ही ग्रामीणों के घर व फसल को भी काफी क्षति हुई है। विभाग की ओर से मुआवजा की खानापूर्ति कर ग्रामीणों के जान को भगवान घर से छोड़ दिया जा रहा है। पंससो ने विभाग से जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र में खदेड़ने की मांग की। वही कामता पंसस अयूब खान ने पंचायत में मनरेगा योजनाओं में अनियमित का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा योजना में बिचौलियागिरी हावी है, बिचौलियों का भुगतान तुरंत हो जाता है जबकि वास्तविक लाभुक भुगतान को लेकर चक्कर काटते रहते हैं। मामले में बीडीओ ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा पंचायत समिति सदस्य को दिया।

इसके अलावे पेयजल एवं बिजली की समस्याओं को भी उठाया गया। बैठक में पंचायती राज प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विभिन्न पंचायतो के पंसस, विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


बैठक में शामिल पंसस व अधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क मोतियाबिंद सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर संपन्न


लेंस प्रत्यारोपन कर वापस लौटे लोगो के साथ क्लब के लोग।

**चंदवा।** लायंस क्लब रोडिंग चंदवा के तत्वाधान में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लैंस प्रत्यारोपण का आयोजन रांची के निरामया अस्पताल कोकर में 11 व 12 दिसंबर को आयोजित किया गया। शिविर में डॉ राहुल सिंह एवं उनके सहयोगियों के द्वारा सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण किया गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दर्जनों मरीजों ने इस शिविर में भाग लेकर ऑपरेशन कराया। प्रखंड के टिपिया उराँव, दशमी देवी, मणिलाल अग्रवाल, कबूतर गंझू, धर्मा गंझू, सफीक अंसारी, सदानन्द एक्का, आशीष कुमार समेत दर्जनों मरीजो का सफल ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया गया। सभी मरीजो को चंदवा से बस के माध्यम से शिविर में पहुचाया गया। ऑपरेशन के पश्चात शुक्रवार को सभी मरीजो को वापस ट्रेन से चंदवा लाया गया। क्लब के सदस्यों के द्वारा सभी मरीजो को बाबा विश्वनाथ मंदिर प्रांगण परिसर में फल देकर विदाई दी गई। शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने में लाइंस क्लब चंदवा के निर्मल भारती, संदीप कनोडिया, धर्मप्रकाश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, ईश्वर अग्रवाल, रोहित त्रिपाठी, संतोष कुमार, सुधीर प्रसाद, धर्मेंद्र भारती, महेंद्र अग्रवाल, बबलू दुबे, शत्रुघ्न उरांव समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### डीवीसी, तुबेद कोल माइंस मे 67वां वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया


कार्यक्रम में शामिल कर्मी व अधिकारी।

**लातेहार।** डीवीसी, तुबेद कोल माइंस मे 67वां वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें राजहरा माइन से आए हुए बिनोद कुमार दीपक (पीओ), युगल कुमार (प्रबंधक) और उनके टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पे आईएसओ (सीसीएल) से आए हुए परशुराम सिंह, डीवीसी टुबेड माइन के अरविन्द ठाकुर (एजेंट), मनीष कुमार (खनन प्रबंधक), दीपक कुमार (सेफ्टी ऑफिसर), अन्य डीवीसी के मैनेजर, उटछ के भी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस मौके में कुछ वर्कर्स को पुरस्कार वितरण कर सेफ्टी को बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इसी बीच में क्विज कंप्टीशन का भी आयोजन किया गया, जिससे कि लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता ज्यादा से ज्यादा लोगों में बनी रहे, क्विज कंप्टीशन का संचालन कौशल सिंह और इस पूरे कार्यक्रम का संचालन रवि प्रकाश द्वारा संपन्न किया गया।

### खेत मे रखे धान सहित पुआल जलकर नस्ट


आगलगी में धान के फसल को दिखाते भुक्तभोगी किसान।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत डाढा नवाटोला निवासी किसान पारस नाथ सिंह व प्रसिद्ध सिंह पिता स्व ब्रज बिहारी सिंह के बसैरिया बागी स्थित खलिहान मे बिते देर शाम को आग लगने से खलिहान मे रखे 100 बोझा धान जलकर नस्ट हो गया। वहीं खलिहान मे झाड़ाई कर रखे लगभग दस क्विंटल धान जलकर नस्ट हो गया। पीड़ित किसान पारसनाथ सिंह का खेत को साझेदारी नावाटोला निवासी हरि राम पिता केतन राम ने बटाई किया था। हरी ने बताया की हम गरीब व्यक्ति है उधार बीज धान लेकर बटाई खेती किए थे। गुरुवार साम की धान जलने से परिजनों को गुजर बसर के लिए काफी कठिनाई होगी। मुझे आसपास के लोग अचानक खलिहान मे आग लगा देखकर फोन के माध्यम से हमलोग को सुचना दिए। हमलोग आनन फानन मे खलिहान पहुचे तब तक धान लगभग जल चुका था। आसपास के ग्रामीण अशोक सिंह, राजा सिंह, लवकुश सिंह, गणेश सिंह, निखिल सिंह सहित कई लोगो ने तत्काल सहयोग करते हुए आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक खलिहान में रखे 100 बोझा धान पुरी तरह जल गया। पीड़ित किसान ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# लातेहार : अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चला बुलडोजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर लगाया गया तो दूसरी ओर अतिक्रमण से विस्थापित होने वाले दुकानदारों ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया। बता दें कि अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं नगर प्रशासक राजीव रंजन ने 24 घंटा के अंदर मुख्य पथ समेत अन्य सड़कों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को मुक्त करने का निर्देश दिया था। 24 घंटा बीत जाने के बाद जिला प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। शहर के थाना चौक में कई दुकानों को हटाया गया। हालांकि बुलडोजर चलता देख कर कई दुकानदार स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने लगे वहीं दूसरी ओर विस्थापित फुटपाथ दुकानदारों ने इसके विरोध में समाहरणालय के समक्ष धरना दिया।

## फूटपाथ दुकानदारों ने जताया रोष


बुलडोलर चलाकर शहर को किया जा रहा अतिक्रमण मुक्त।

दुकानदार किरण चंद्रवंशी, महेश प्रसाद व दिनेश प्रसाद ने बताया कि प्रशासन के द्वारा नोटिस देकर हम लोगों को 24 घंटे में दुकान हटाने का निर्देश दिया गया है। दुकान हट जाने से हम लोगों का रोजगार छीन जाएगा। घर परिवार के लोग सड़क पर आ जायेंगे। दुकानदारों ने आगे बताया कि एक तरफ सरकार फुटपाथ विक्रेता को नगर पंचायत के द्वारा पहचान पत्र और ऋण दिया जा रहा है, ताकि वह अच्छी व्यवसाय कर सकें तो वहीं दूसरी तरफ जिला प्रशासन द्वारा हटाने का कार्य किया जा रहा। दुकानदारों ने आगे कहा है कि हम लोग फुटपाथ में दुकान लगाकर अपने परिवार का जिवाकोपार्जन कर रहे हैं और ऐसे में एका एक दुकान हट जाने से हम लोग के परिवार चलाने में संकट आ गया है। विरोध करने वाले में मुकेश कुमार, करण कुमार, पवन कुमार, फिरोज कुमार, विनय ठाकुर, सीमा देवी, सुरजु विधवा, विष्णु साहू, चंदन गुप्ता, संजय प्रसाद, अंकित कुमार समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

## आजसू ने किया धरने का समर्थन

आजसू ने फुटपाथ दुकानदारों के इस धरना प्रदर्शनका समर्थन किया। जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय ने कहा कि जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर बार बार दुकानदारों को परेशान कर रही है। उन्होने कहा कि अधिकारियों ने ही सरकारी आवासों में अतिक्रमण कर रखा है. पहले उसकी जांच होनी चाहिए, अधिकारियों को पहले अपना अतिक्रमण हटाना चाहिए।

# अतुल सिंह ने बीडीओ को दिया आवेदन


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते अतुल सिंह।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में आधार सेवा केंद्र की समस्या को लेकर झारखंड हम पार्टी के युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में कई महीनों से बंद पड़े आधार सेवा केंद्र को पुनः चालू करने की मांग की। साथ ही क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या और जनता की आवश्यकताओं को देखते हुए एक नए आधार सेवा केंद्र की स्थापना की मांग भी की। अतुल कुमार सिंह ने कहा कि आधार सेवा केंद्र बंद होने से प्रखंड क्षेत्र की जनता को अपने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इससे उन्हें समय और धन की बबार्दी झेलनी पड़ती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। आवेदन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं जैसे नया आधार कार्ड बनवाना, अपडेट कराना और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रखण्ड क्षेत्र में आधार सेवा केंद्र की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर हम पार्टी के सागर कुमार वर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सुजीत सिंह, संतोष कुमार, अर्जुन सिंह, संजय सिंह, जयलाल सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

#### बच्चे बुजुर्ग हो रहे है परेशान

इधर बरवाडीह व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि वर्तमान में सिर्फ बेतला पंचायत सचिवालय में आधार से सम्बंधित कार्य हो रहे है। जिसमें रोजाना भारी भीड़ उमड़ रही है। बच्चे बुजुर्ग काफी परेशान हो रहे है। कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी लोगों को बेरंग वापस लौटना पड़ रहा है। दीपक रह ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए पूर्व की तरह बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में कम से कम दो जगह आधार केंद्र खुलवाने की मांग जिले के उपायुक्त से की है।

### सीआरपीएफ ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया



**बरवाडीह।** गारू प्रखंड अंतर्गत मारोमार ग्राम में शुक्रवार को सीआरपीएफ की ई/11 बटालियन द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था, बल्कि स्वच्छता के महत्व को भी समाज में फैलाना था। बटालियन के कमांडेंट श्री याद राम बुनकर के मार्गदर्शन में इस पहल ने गांव में एक सकारात्मक बदलाव की शुरूआत की। अभियान के दौरान, सीआरपीएफ कंपनी कमांडर राजकुमार राजाक के नेतृत्व में जवानों ने ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य और जागरूकता फैलाने का एक प्रभावशाली प्रयास है, बल्कि यह सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। यह पहल जनसेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सुरक्षा बलों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और साथ ही यह सुरक्षा बलों और समुदायों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाती है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकजुटता और सामाजिक समरसता का वातावरण बनता है। सफाई अभियान में बटालियन के जवानों ने पूरी तन्मयता से भाग लिया। इस अभियान में सहायक उपनिरीक्षक बलराम सिंह, उपनिरीक्षक भोला सिंह, कार्यालय लिपिक धर्मेंद्र कुमार, कृष्णा उरांव, सुनील कुमार सिंह, दीपक सिंह, ब्रिजेश कुमार सहित अन्य जवानों ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

## कमीशन के लालच में एएनएम ने गर्भवती महिला को भेजा अवैध नर्सिंग होम, खतरे में मरीज की जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मामले की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड में कमीशन खोरी के लालच में एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं अवैध नर्सिंग होम भेज दिया जा रहा है। जिससे जच्चा-बच्चा के जान पर आफत बन जा रही है ।कई बार जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं होने से अवैध नर्सिंग होम संचालकों का मनोबल बढ़ा हुआ है। ताजा मामला है एकीकृत बालूमाथ प्रखंड के गोनिया ग्राम का जहां कुन्ती देवी पति सुरेश कुमार गंझु को अवैध रूप से संचालित श्री नर्सिंग होम में बारियातु के गोनिया उप-स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम रीता देवी द्वारा कमीशन के लालच में बहला फुसलाकर भेज दिया गया। जिससे जच्चा बच्चा की जान पर खतरा मंडरा रहा है। मामले की सूचना पाकर बालूमाथ के चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक एवं उनकी टीम ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच किया। जहां पाया कि झोलाछाप चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन की तैयारी की जा रही थी। जांच टीम को देखकर झोलाछाप चिकित्सक मौके पर से फरार हो गया। टीम अगर समय पर नही पहुंचती तो एक और गरीब महिला की जान से खिलवाड़ हो जाता। वही डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक को महिला के पति सुरेश गंझु ने बताया कि एएनएम द्वारा कमीशन के लालच में मेरी पत्नी को बालूमाथ सरकारी अस्पताल नहीं भेज कर अवैध रूप से संचालित श्री नर्सिंग होम में इलाज के लिए भेज दिया गया। वही इस कार्य के लिए ममता वाहन का प्रयोग करवाया गया था। ज्ञात हो की बालूमाथ प्रखंड मे आधा दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम संचालित है। जहां धड़ल्ले से बिना एनेस्थीसिया और बिना सर्जन के सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है और लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करते हुए गलत इलाज के कारण मरीज की मौत हो जाती है। वही बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम द्वारा कमिशन के लालच में बालूमाथ सरकारी अस्पताल की जगह अवैध नर्सिंग होम में भेजा जाता है। वही इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाइक से पूछे जाने पर बताया की कुंती देवी को एएनएम द्वारा बालूमाथ सरकारी अस्पताल नहीं भेज कर अवैध नर्सिंग होम में भेजे जाने की सूचना प्राप्त होने के बाद जांच किया और इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है जिसमें डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद डॉक्टर सुरेंद्र कुमार शामिल है ।जांच टीम द्वारा रिपोर्ट आने के बाद सभी दोषियों पर कारवाई की जायेगी । फिलहाल मामला सत्य प्रतीत होता है। वही एएनएम रीता देवी ने बताया कि मेरे ऊपर लगा आरोप निराधार है।

### पुलिस ने कमलेश उरांव के घर चिपकाए इश्तेहार

**लातेहार।** थाना क्षेत्र के गांव खेरवा जागीर में एक अपराधी कमलेश उरांव उर्फ मुन्ना उरांव पिता स्व रनसु उरांव के घर में पुलिस अपने दल बल के साथ छापा मारने गए जाने के बाद अपराधी वहां से लापता हो गया। इसके घर जाने के बाद पुलिस वंहा पर पूछने से पता चला कि वह भाग गया तब पुलिसकर्मी एवं गांव वाले ने इसके घर में इश्तहार लगा दिया ।मौके पर पुलिस पदाधिकारी,पुलिस के आला अधिकारियों एवं सिपाही के साथ तथा ग्रामीण भी वहां पर पु.अ. नि अशोक कुमार, स. अ.नि अशोक काकुल, आ/652 बिरसा पूर्ति,आ/213 कालेमेंट टोपनो, एवं महिला पुलिस 301 प्रीति सिंह, 200 जूली देवी और उसमें ग्रामीण भी शामिल थे। जिसमे ग्रामीण जितेंद्र उरांव पिता धानेश्वर उरांव, विफन सिंह पिता चामू सिंह ग्राम खेरवा जागीर थाना जिला लातेहार के रहने वाला था।

### टीएसपीसी दो उग्रवादी के घर चिपकाया इश्तेहार

**बालूमाथ।** लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे बालूमाथ पुलिस ने टीएसपीसी के उग्रवादी प्रभात उर्फ सुदेश गंझु पिता स्वर्गीय जगदेव गंझु एवं अजीत गंझु उर्फ पलेनदर जी पिता दरसु गंझु दोनों के गांव लक्षीपुर, टोला-दोकर पहुंचकर इस्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया की माननीय न्यायालय के आदेशानुसार इन दोनो के घर मे जाकर बालूमाथ थाना अवर निरीक्षक होसेन डांग एवं सस्त्र बल के साथ दिनांक 12/ 12/ 2024 को इश्तेहार चिपकाया।

## चंदवा: यात्री बस व हाइप लोड ट्रक के बीच भीषण टक्कर


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**चंदवा।** चंदवा में एक बार फिर से भारी वाहनों के बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला। एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप नर्सरी के पास शुक्रवार की अहले सुबह रिलांयस नामक यात्री बस एवं पीएचईडी विभाग का पाइप लेकर जा रहे ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी व बस के केबिन में सवार लगभग आधा दर्जन यात्री घायल हो गए व ट्रक का चालक भी ट्रक के केबिन में ही फंस गया। स्थानीय लोगों द्वारा तत्परता दिखाते हुए घायल यात्रियों व ट्रक के केबिन फंसे चालक अमीन कुमार (कानपुर उत्तर प्रदेश) बाहर निकाला व चंदवा सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ट्रक चालक अमीन कुमार व बस में सवार यात्री पूनम देवी चियांकी की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि डाल्टेनगंज से रांची रूट पर चलने वाली रिलायंस नामक यात्री बस रांची की ओर जा रही जबकि ट्रक रांची से मेदिनीनगर की आ रही थी, इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने बस को मार दी, टक्कर के बाद ट्रक में लदा पाइप सड़क में गिर गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

### हाथियों ने दो पशु को कुचल कर मार डाला

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत चेडरा ग्राम के गरहवा टांड निवासी बाजो मासोमात पति स्व रामचंद्र उरांव व नागो उरांव पिता स्व रुदू उरांव का बंधे सूअर को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार ने बताया की लगातार दो दिनों से हाथी आतंक मचा रहा है। कई किसानों का धान खाकर नस्ट कर दिया है। अचानक शुक्रवार लगभग तीन बजे दिन हाथी आकर चर रहे सूअर को कुचल दिया जिससे दोनों सूअर की मौत हो गई। दोनों पशुपालको को लगभग तीस हजार का नुकसान हुआ है।

## खेल के क्षेत्र में भविष्य संवारने के हैं अपार संभावनाएं: सुरजीत कुमार सिंह

# चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रतियोगिता के समापन के मौके पर मौजूद विद्यार्थी व अतिथि।

**चंदवा।** ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में चल रहे चार दिनी वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम 2024 का समापन शुक्रवार को हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि हिंडालको कोल परियोजना के एचआर मैनेजर प्रकाश कुमार एवं एसके राय मौजूद थे। समापन के मौके पर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उप विकास आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि यहां खेल के कई इवेंट देखकर अपना स्कूल का समय याद आ गए। बंगाल में हमने भी फुटबॉल का फाइनल खेला था, जिसमें हम दो गोल से पराजित हो गए थे। आगे कहा कि झारखंड में खेल के क्षेत्र में भविष्य संवारने के अपार संभावनाएं हैं। यहां के युवा क्रिकेट के साथ, तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी आदि के खेलो में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल रहे हैं। बच्चों से कहा कि खेल हमें एकता की सीख देता है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे यह कैरियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं शिक्षकों से कहा कि पूरे मनोयोग के साथ आप अपनी ड्यूटी निभावे, कहा कि पुराने एवं नए शिक्षण पद्धति को मिलाकर परंपरागत रूप से पढ़ाई के साथ बच्चो में संस्कार निर्माण का कार्य करें। इससे पूर्व विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि खेलकूद हमें यह सिखाता है कि जीवन में हम कैसे आगे बढ़े, बच्चों के प्रतिभा को निखारने में अभिभावकों की बड़ी भूमिका होती है। एक सर्वे में जो तथ्य सामने आया है उसके अनुसार अगर बच्चों का विकास चाहिए तो उसे खेल के मैदान तक लाइए। इससे पूर्व विद्यालय की निदेशिका कादंबरी सिंह, कर्नल राजीव कुमार, प्राचार्य हिमांशु सिंह के अलावे विद्यालय परिवार के लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। खेल प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों को रेड, ग्रीन, येलो एवं ब्लू हाउस में बांटा गया था। सभी के बीच बालक बालिका एवं सीनियर जूनियर वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, डिस्कस, थ्रो जैवलिन, थ्रो शॉट, पुट थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, रिले रेस समेत अन्य प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। फाइनल में 172 अंक पाकर ग्रीन हाउस विजेता बनी।

## मध्याह्न भोजन में मिला कीड़ा, हंगामा


मामले की जानकारी देते विद्यार्थी व अभिभावक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया ग्राम स्थित राजकियकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगडा में शुक्रवार को बच्चों को दिया जाने वाले मध्याह्न भोजन में कीड़ा पाया गया। बच्चों को जब खाना परोसा गया तो उसमें दाल में कीड़े रेंगते हुए पाए गए। रेंगता हुआ भोजन देखने पर छात्र छात्राएं डर गये और इसकी सूचना अभिभावकों को दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया ।बसिया पंचायत की मुखिया विमला देवी के नेतृत्व में ग्रामीण विद्यालय पहुंचे जहां बच्चों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से उन्हें मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिला हुआ भोजन खिलाया जा रहा है। वही बनने वाले दाल में पानी है या पानी में दाल पता नही चलता ।जबकि इसकी शिकायत हम लोग करते हैं तो विद्यालय के शिक्षक इस पर कोई ध्यान नहीं देते। इसके अलावा बच्चों ने बताया कि विद्यालय में पीने का पानी का कोई व्यवस्था नहीं है वे लोग आधा किलोमीटर दूर से पानी लाकर इस्तेमाल करते हैं ।वही शौचालय में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस दौरान ग्रामीणों ने रसोईया व शिक्षकों को बदलने की मांग किया। विद्यालय के मेन्यू के अनुसार शुक्रवार को दाल भात सब्जी के अलावा अंडा दिया जाना था लेकिन उन्हें अंडा नहीं दिया गया। बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी ने कहा कि घुन युक्त दाल का प्रयोग किया जा रहा है इस मामले को लेकर लातेहार उपायुक्त से दोषी शिक्षक एवं प्रधानाचार्य पर कार्रवाई की मांग करते हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रसाद राम ने बताया की उन्हें जब सूचना प्राप्त हुई कि दाल में कीड़ा मिला हुआ है तो उन्होंने दूसरा दाल मंगाकर खाना बनवाया। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार मुझे 6 प्रति अंडा का पैसा देती है और वर्तमान में बाजार में 8 में अंडा मिल रहा है इस परिस्थिति में बच्चों को खाना में अंडा दे पाना संभव नहीं है। मौके पर वार्ड सदस्य राजेन्द्र साहू, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्णकांत गंझु, गोविंद साव, जलेश्वर साव,गणेश पासवान, तिलकधारी साव, जयनाथ पासवान, बबलू साव, नंदलाल पासवान, रविन्द्र साव, धनराज पासवान, जगेश्वर भुइयां पदुम साव,प्रीतम साव समेत कई लोग मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज



## टाटा स्टील के शिविर में 246 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया, जो सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साही कर्मचारियों ने कुल 246 यूनिट रक्तदान किया। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे उपस्थित रहे। उनके समर्थन और प्रोत्साहन ने प्रतिभागियों को प्रेरित किया और सामुदायिक कल्याण के प्रति संगठन के समर्पण की पुष्टि की।

## वार्ड सदस्य मंगल की ह्रदयाघात से मौत, शोक



**गम्हरिया।** प्रखंड के जगन्नाथपुर पंचायत के वार्ड 20 के वार्ड सदस्य मंगल गगराई (60) की गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे ह्रदयाघात से मौत हो गयी। बताया गया है कि सीने में अचानक दर्द होने के बाद आनन फानन में परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। अपने पीछे वे पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। निधन पर पंचायत प्रतिनिधियों व जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शोक जताया है।

## राहगीरों के लिए की जा रही अलाव की व्यवस्था



**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार बढ़ते ठंड को देखते हुए सभी प्रखंड व नगर निकायों के प्रमुख चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जा रही ताकि राहगीरों का ठंड से बचाव हो सके। फुटपाथ में सोने वाले बेघर और लाचार लोगों के बीच कम्बल वितरण भी किया जा रहा, साथ ही फुटपाथ से शिफ्ट कर उन्हें आश्रय गृहों में भेजा जा रहा है। वहीं सभी जिलावासियों से अपील है कि अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक संध्या समय के बाद घरों से बाहर नहीं निकलें। तापमान में गिरावट के कारण लगातार ठंड बढ़ रहा है ऐसे में जरूरी है कि घरों से बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहन कर निकलें जिससे पूरी तरह बचाव हो सके व जानमाल का कोई नुकसान नहीं हो। वहीं बेघर लोगों को आश्रय गृह में शरण लेने की अपील की ताकि ठंड से सभी सुरक्षित रहें।

## अग्रवाल सम्मेलन के मामले की सुनवाई

**जमशेदपुर।** कार्यपालक दंडाधिकारी, धालभूम अनुमंडल, जमशेदपुर के कार्यालय में शुक्रवार को जिला अग्रवाल सम्मेलन के मामले की सुनवाई हुई। जिसमें शिकायतकर्ता के अलावे विपक्षी सुशील कुमार अग्रवाल एवं संदीप मुरारका की उपस्थिति रही। अभिषेक अग्रवाल गोल्डी अनुपस्थित थे। सुशील अग्रवाल ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया था और वैसी स्थिति में जिला में कोई अध्यक्ष नहीं था। उन्होंने आगे यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसार मनोनयन गलत है।

## बैठक बुलाकर करें विवाद का निराकरण

**जमशेदपुर।** संदीप मुरारका ने मारवाड़ी समाज के लोगों और अग्रवाल सम्मेलन के सदस्यों के नाम एक अपील जारी की। उन्होंने बताया कि धर्मचंद्र पोद्दार ने अनुमंडलाधिकारी, धालभूम, पूर्वी सिंहभूम के न्यायालय के पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के विरुद्ध एक शिकायत दर्ज करायी है, जो बेबुनियाद, झूठी, भ्रामक, काल्पनिक और पूर्णतः नकारात्मक है। शिकायतकर्ता धर्मचंद्र पोद्दार से पूछा जाना चाहिए कि वे अग्रवाल सम्मेलन के सदस्य कब बने?

# सरकारी संस्थानों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए निगरानी-अनुश्रवण जरूरी : उपायुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी प्रखंडों व नगर निकायों के नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की जन कल्याकारी योजनाओं का लाभ योग्य लोगों को मिल रहा है या नहीं इसकी जांच करें, विद्यालयों में पठन-पाठन व अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियां, स्वास्थ्य सुविधा, खाद्य वितरण, संबंधित पंचायत में कृषि व बागवानी क्षेत्र की संभावनाओं, माताओं व बच्चों का ससमय टीकाकरण, जल जीवन मिशन की स्थिति, मनरेगा, पेंशन, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना व अन्य विकास कार्यों की धरातल पर स्थिति से अवगत होते हुए रिपोर्ट करेंगे । पंचायत स्तर पर सरकार की संस्थाएं एवं उनके माध्यम से लोगों को दी जा रही बुनियादी सेवायें, सुविधायें तथा कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरीके से धरातल पर हो रहा है, इसकी वस्तुस्थिति की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से जिला स्तर के नोडल पदाधिकारियों को क्षेत्र में भेजा जा रहा है।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सभी नोडल पदाधिकारी प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य रूप से अपने प्रखंड व नगर निकाय का क्षेत्र भ्रमण करेंगे। किसी परिस्थिति में जिला मुख्यालय से बाहर जाते हैं तो इस क्रम में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त को लिखित में सूचित करेंगे तथा उक्त अवधि के लिए नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति के पश्चात ही जिला मुख्यालय छोड़ेंगे । सभी नोडल पदाधिकारी को एक दिन पहले प्रत्येक शुक्रवार की संध्या तक पंचायत का नाम बताया जायेगा। निकाय/ पंचायत निरीक्षण के क्रम में वहां अवस्थित आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक, मिडिल व हाई स्कूल, जन वितरण प्रणाली दुकान, स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, मनरेगा की दो योजना, गोदाम आदि का निरीक्षण कर जिला द्वारा दिए गए फॉर्मेट में आने वाले सोमवार को रिपोर्ट समर्पित करेंगे। अगले निरीक्षण के एक दिन पूर्व अर्थात शुक्रवार को उन सभी पदाधिकारी/ कर्मियों के साथ बैठक कर निरीक्षण के दौरान दिए गए अनुपालन आदेश में प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास संबंधित पंचायत क्षेत्र में अवस्थित सभी सरकारी संस्थान व सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।




समाहरणालय सभागार में नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक।

### प्रखंडों व नगर निकायों के नोडल पदाधिकरियों का विवरण

1. उप विकास आयुक्त- गोलमुरी सह जुगसलाई (जमशेदपुर)
2. परियोजना निदेशक आईटीडीए- घाटशिला
3. अपर उपायुक्त- पटमदा
4. निदेशक एनईपी- गुड़ाबांदा
5. विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी- धालभूमगढ़
6. अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था)- मुसाबनी
7. जिला आपूर्ति पदाधिकारी- डुमरिया
8. अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम- बोड़ाम
9. अनुमंडल पदाधिकारी, घाटशिला- चाकुलिया
10. भूमि सुधार उप समाहर्ता, घाटशिला- बहरागोड़ा
11. भूमि सुधार उप समाहर्ता, धालभूम- पोटका
12. जिल पंचायती राज पदाधिकारी- जमशेदपुर अक्षेस
13. जिला भू-अर्जन पदाधिकारी- मानगो नगर निगम
14. जिला परिवहन पदाधिकारी- जुगसलाई नगर परिषद

# साप्ताहिक जनता दरबार में फरियादियों से मिले उपायुक्त

■ योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभ प्रदान करें पदाधिकारी : डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सरायकेला।** समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू आए लोगों से क्रमवार मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदन का नियमानुसार यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिये, साथ ही सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ देने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि संबंधित मामले, रैयती जमीन बिक्री पर लगे रोक को जांचोपरांत हटाने, चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध लॉटरी बिक्री पर रोक लगाने, चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सिद्धि विनायक मेटकॉम लीमटेड, एमआर ऑयल लिमिटेड, शिवा रामा लिमिटेड तथा आयरन स्पॉज कम्पनी के द्वारा प्रदूषण फैलाने तथा शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो में कई मामलों का ऑन द स्पॉट निराकरण किया गया अन्य सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसरित किया गया। उपायुक्त ने योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ लाभ प्रदान करने हेतु भी पदाधिकारियों को निर्देशित किया।



जनता दरबार में फरियादियों से मिले उपायुक्त।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दौरा




■ बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मुहैया करवाने पर जोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने शिक्षा मंत्री बनने के बाद पहली बाद विद्यालय का दौरा किया। साकची स्थित बालिका उच्च विद्यालय सी एम स्कुल ऑफ एक्सिलेन्स का दौरा कर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं से बातचीत की और बच्चों को बेहतरीन शिक्षा मुहैया करवाने पर जोर की बात कही।

जमशेदपुर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम ऑटो पर निर्भर

# प्रशासन ऑटो चालकों को दे सुविधाएंः डॉ पवन पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेंपो चालक संघर्ष युनियन के संरक्षक सह एनसीपी पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने प्रशासन के द्वारा ऑटो चालकों के लिए निर्गत आदेश के आलोक में कहा है कि जिला प्रशासन को सबसे पहले ऑटो चालकों के लिए अपने माध्यम से आईडी कार्ड बनवाना चाहिए। फिर उसकी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा तब उसका सार्थक परिणाम निकलेगा। जबतक आईडी कार्ड बनवाया ही नहीं गया है तब फिर चेकिंग अभियान चलाया जाना निरर्थक साबित होगा। साकची में जितनी ऑटो स्टैंड हैं, सभी निजी स्टैंड हैं और उनकी क्षमता से कहीं ज्यादा ऑटो है शहर में।



डॉ पवन पांडेय, प्रवक्ता।

# समय पर दवा व पौष्टिक आहार लें टीबी मरीज तभी बनेगा स्वस्थ समाज : शताब्दी मजूमदार

■ रेड क्रॉस भवन में पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान के तहत मासिक पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार प्रदान करने के उद्देश्य के साथ उन्हें जल्द से जल्द रोगमुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु की गयी है, टीबी मरीजों को चाहिए कि वो निर्धारित समय पर अपनी दवा व पौष्टिक आहार ग्रहण कर स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी करें। उक्त बातें एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने रेड क्रॉस भवन में आयोजित टीबी मुक्त भारत अभियान के मासिक पौष्टिक आहार किट प्रदान वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होने रेड क्रॉस द्वारा नियमित रूप से पिछले 29 माह से टीबी मरीजों के लिए चल रहे पोषण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में इस माह के मुख्य संयोजक छगनलाल दयालजी सन्स लि. के हार्दिक आडेसरा ने कहा कि उनका परिवार इस अभियान से जुड़कर समाज के प्रति एक जिम्मेवारी को वहन करने का प्रयास कर रहा है। उन्हें खुशी है कि कार्यक्रम के लिए रेड क्रॉस की पहल से वे जुड़ सके। कार्यक्रम की नियमित सहयोगी समाजसेवी पूरबी घोष ने टीबी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



पीएम टीबी फ्री इंडिया अभियान के तहत हुआ पौष्टिक आहार किट वितरण।

# रैंप वॉक कर बच्चों ने दिया पानी की स्वच्छता और जलचर प्राणियों की सुरक्षा का संदेश

■ चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में सातवें केजी नाइट का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में सातवें केजी नाइट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जेपीएस की प्राचार्या एवं डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर नमिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का रंगारंग शुभारंभ किया। कार्यक्रम जलचर प्राणियों पर आधारित था, जो हमारे मन में प्राणियों के प्रति हमदर्दी प्रदर्शित करता है । नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया, बच्चों द्वारा एक नाटक का मंचन किया गया, जो कालिया नाग एवं कृष्ण के युद्ध पर आधारित एक सुन्दर प्रस्तुति थी। बच्चों द्वारा जलचर प्राणी बनकर रैंप वॉक किया गया, एक नाटक प्रस्तुत किया गया, जो हमें पानी की स्वच्छता एवं जलचर प्राणियों की सुरक्षा करने का भी संदेश देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मिक्की सिंह, केजी शिक्षिका एम नूतन, जेसिका, छाया, शैली सहित सह-संयोजिका विनिता मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं अतिथि।

# मंईयां अपमान योजना बन गयी है मंईयां सम्मान योजना : रश्मि साहू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रश्मि साहू ने मंईयां सम्मान योजना में सरकार द्वारा रखी गई नई शर्तों व नियमों पर आपत्ति व्यक्त किया है। इस बाबत एक बयान जारी कर उन्होंने कहा है कि विधानसभा चुनाव से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना के तहत झारखंड की सभी महिलाओं को इसका लाभ देने की घोषणा की थी। इस दौरान आनन फानन में महिलाओं से आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रपत्र लेकर उनके खाते में एक हजार की राशि भेजकर उन्हें सम्मान देने की बात भी कही। चुनाव के वक्त ही मुख्यमंत्री ने उनके खातों में 11 दिसंबर तक 2500/- रुपए राशि भेजने का वादा भी किया था। इस लाभ को लेकर हेमंत सोरेन चुनाव भी जीत गए। किन्तु, चुनाव जीतने के बाद जब उनकी सरकार बनी तो अब तक यह 2500/- की राशि लाभार्थियों के खातों में नहीं पहुंची।

# इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स 2024 में टाटा स्टील को लगातार चौथे वर्ष मिला गोल्ड एंप्लॉयर का सम्मान

■ नीतियों में विविधता और समावेशन को प्रभावशाली ढंग से अपनाने के लिए कंपनी को मिला विशेष सम्मान

■ एलजीबीटी+ समुदाय की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एचआर नीतियों को नियमित रूप से किया अपडेट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स ( आई डब्ल्यू ई आई ) 2024 में लगातार चौथे वर्ष गोल्ड एम्प्लॉयर के रूप में मान्यता मिली है। यह सम्मान एलजीबीटी+ समावेशन के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आई डब्ल्यू ई आई ने टाटा स्टील की नीतियों, नियोजन प्रक्रियाओं और बाहरी संचार में विविधता और समावेशन को प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए इसकी उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है।

टाटा स्टील ने एक समावेशी कार्यस्थल बनने की दिशा में अपनी यात्रा को एचआर नीतियों, प्रक्रियाओं और संगठनात्मक संस्कृति के हर पहलू में व्यापक और प्रभावशाली प्रयासों के साथ आगे बढ़ाया है। कंपनी ने प्रगतिशील नीतियां अपनाई हैं, जिनमें एलजीबीटी+ पार्टनर्स के लिए समान लाभ शामिल हैं। ये लाभ केवल चिकित्सा कवर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हनीमून पैकेज, कर्मचारियों के लिए जेंडर ट्रांजिशन सपोर्ट, और जेंडर-न्यूट्रल पेरेंटल लीव्स जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं।

समावेशी नियुक्ति प्रक्रियाओं के साथ, टाटा स्टील ने एलजीबीटी+ समुदाय के लिए एक सहायक नेटवर्क तैयार करने हेतु कर्मचारी संसाधन समूहों (ईआरजी) को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया है। कंपनी ने स्वीकृति और समझ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों, सामुदायिक पहलों और साझेदारियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।

टाटा स्टील, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की वाइस प्रेसिडेंट अत्रयी सन्याल ने कहा कि ₹लगातार चौथे वर्ष इंडिया वर्कप्लेस इक्वेलिटी इंडेक्स द्वारा गोल्ड एम्प्लॉयर के रूप में मान्यता प्राप्त करना हमारे लिए एक सम्मान की बात है। हमने न केवल समय के साथ विकसित नीतियां अपनायी हैं।

## एक नजर में

### परीक्षा-मूल्यांकन केंद्र चयन को लेकर हुई बैठक



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेमराज टोप्पो, चाईबासा विधायक प्रतिनिधि राजाराम गुप्ता, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, इंटरमीडिएट शिक्षक संघ के अध्यक्ष व अन्य की उपस्थिति में वार्षिक, माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 हेतु परीक्षा केंद्र एवं मूल्यांकन केंद्र चयन के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में माध्यमिक परीक्षा के लिए कुल 20422 परीक्षार्थियों हेतु कुल 50 परीक्षा केंद्र और इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु कुल 11749 परीक्षार्थी के लिए 26 परीक्षा केंद्र चयन करने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा बैठक में सभी परीक्षा केंद्र पर आधारभूत एवं मूलभूत सुविधा, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परीक्षा के संदर्भ में विद्यार्थियों को ससमय सभी प्रकार की सूचना उपलब्ध करवाने सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा किया गया।

### सरायकेला में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो एवं सड़क सुरक्षा सदस्यों के द्वारा सरायकेला राजनगर मार्ग में मोटरसाइकिल वाहन चालको के बीच जागरूकता अभियान चलाया गय। लगभग 60-70 वाहन चालकों को यातायात नियमो के प्रति सड़क सुरक्षा टीम ने रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया। लोगों को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने को जागरूक किया गया। बताया गया की यातायात नियमों का उपयोग कर हम स्वयं व अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा करते है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा , आशुतोश कुमार सिंह एवं धृत कुमार शामिल थे।

### गीता थिएटर ने किया नन्हे बातें नाटक का मंचन



**जमशेदपुर।** मानगो मुंशी मोहल्ला स्थित नजरिया उर्दू स्कूल में गीता थिएटर के सौजन्य से नन्हें बातें नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पश्चिम जमशेदपुर के विधायक सरयू राय शामिल हुये। गीता थिएटर की अध्यक्ष गीता कुमारी ने अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर किया। नाट्य में अभिनय कर रहे बच्चों का नाटक देखकर उपस्थित बच्चों को सम्मान पत्र सह मेडल देकर प्रोत्साहित किया। श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर लौहनगरी अब कला और कलाकारों के लिए भी पूरे हिन्दुस्तान में जाना जा रहा है, गीता थिएटर जैसी संस्था अगर सरकारी विद्यालयों में कला सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगी तो सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मंच मिलेगा और उनके अंदर की प्रतिभा बाहर आयेंगी। कार्यक्रम आयोजित करने के लिए गीता थिएटर, विद्यालय प्रबंधन तथा छात्र-छात्राओं के अभिभावक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक सरयू राय के अलावा जयालक्ष्मी नाट्य कला मंदिरम से ए बाबु राव, हिंद आईटीआई से ताहिर हुसैन, नजरिया उर्दू स्कूल से प्रधानाचार्य सुनीसा बिंद्रा, अध्यापक मोहम्मद सहिद, गीता थिएटर सदस्य रजनी सिंह और नमिता सिंह शामिल हुए। अंत में गीता थिएटर के सचिव प्रेम दीक्षित ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्य, अध्यापक- अध्यापका और तमाम अतिथि को आभार व्यक्त किया।

### पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर किया कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** संदीप पाटिल ने अपने पिता स्वर्गीय सुधीष्ट कुमार यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम अंत्योदया भवन परिसर के पास स्थित स्लम एरिया में निवास कर रहे लगभग 200 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था और कम्बल वितरण किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय सुधिष्ट कुमार यादव के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित भी किया गया।

### किसानों की दशा बदलेगा आटी पुआल मशरूम



**जमशेदपुर।** स्टार्ट अप इंडिया के तहत डॉक्टर अमरेश महतो की नई खोज आटी, पुआल मशरुम आज के वर्तमान समय में किसानों की दिशा और दशा बदलने का काम करेगी। उक्त बातें एबीआईएफ (आईआईटी खड़गपुर) के मैनेजर दिव्यांशु टेम्ब्रे ने कही। श्री टेम्ब्रे अपने सहयोगी शंभूनाथ बिस्वई (टळर) के साथ डॉक्टर अमरेश महतो जो आटी पुआल मशरूम (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीएमडी हैं, उनके प्रधान कार्यालय का दौरा किया और किसानों के साथ एक बैठक के दौरान उनका अनुभव भी सुने। इस दौरान उन्होंने किसान से बात चित कर आटी पुआल मशरुम, कसावा, स्वीट पोटैटो, सीआरएस धान 310 आदि की नई तकनीक से खेती करने की प्रक्रिया से अवगत हुए। साथ ही डॉ अमरेश महतो के मार्गदर्शन में किसानों द्वारा किए जा रहे मशरूम, कसावा, स्वीट पोटैटो आदि की खेती का भ्रमण कर निरीक्षण भी किया और इस नई तकनीक से रु व रु होकर खुशी जाहिर की। वहीं डॉक्टर अमरेश महतो ने बताया कि अगर हमारे राज्य व देश के गरीब किसान इस नई पद्धति से मशरुम, कसावा, स्वीट पोटैटो आदि की खेती करते हैं।

# झामुमो ने शव यात्रा निकालकर किया विधायक का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता


पुतला दहन करते झामुमो नेता।

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने शुक्रवार को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का टाउन हॉल के मैदान से रंका मोड़ तक शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। साथ ही उनके द्वारा विधानसभा में निर्लजता से कही हुई झूठ की कड़ी निंदा की। मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अपने आचरण के अनुरूप विधानसभा में भी निर्लजता का परिचय देते हुए सफेद झूठ परोसने का काम कर रहे हैं। वह अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में इतने अंधे हो गए हैं कि किसी के मौत पर गंदी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। दुख की घड़ी में एक पंचायत प्रतिनिधि के परिवार के साथ खड़ा होने की बजाय उसकी इज्जत को सरेआम लोकतंत्र की मंदिर में तार-तार करने का काम किया है। उन्होंने उस परिवार, उनके समाज, गढ़वावासी सहित पूरे पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान किया है। इस तरह का झूठा लांछन लगाकर विधायक अपनी गिरी मानसिकता और घिनौनी राजनीति का परिचय दे रहे हैं। अगर विधायक के वक्तव्य में जरा सी भी सच्चाई है तो वह उसे प्रमाणित करने का काम करें अन्यथा इस तरह से सरेआम सदन में गढ़वा वासियों की इज्जत और मर्यादा को तार-तार करने का प्रयास का खुलकर विरोध होगा। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, कंचन साहू, मनोज गुप्ता, दीपक सोनी, दिव्य प्रकाश केसरी, संजय कांस्यकार, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, वंदना जायसवाल, चंदा देवी, आशीष अग्रवाल, दशरथ प्रसाद गुप्ता, भरत केषरी, भोला केषरी, संजय सिंह छोटू, सलीम जाफर, चैतू सिंह खरवार, कार्तिक पांडेय, दीप माला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी को व्यवसायिक संघ ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता


सम्मानित करते संघ के सदस्य।

**मझिआंव।** थाना प्रभारी आकाश कुमार का स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानांतरण के बाद थाना प्रभारी के द्वारा स्थानांतरित थाना रामना में योगदान देने के बाद मझिआंव थाना लौटने पर गुरुवार की शाम में नगर पंचायत के व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज कमलापुरी के नेतृत्व में थाना परिसर में थाना प्रभारी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा उन्हें विदाई दी। इधर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीरज कमलापुरी ने बताया कि थाना प्रभारी आकाश कुमार का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा तथा हम सभी व्यवसायी एवं थाना क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए 24 घंटा तत्पर रहते थे। किसी के द्वारा सूचना पर सभी गरीब-अमीर सहित आम ग्रामीणों का फरियाद सुनते थे और उसे निस्तारण करते थे। कई कांडों का उद्भेदन करने में उन्हें सफलता मिली थी। उनका स्थानांतरण से यहां सभी व्यवसाईयों, ग्रामीण काफी मर्माहत हैं। युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कहा की थाना प्रभारी के कार्यकाल को हम सब कभी नहीं भूल पाएंगे। आप विशेष कर गरीबों के प्रति देखे गए और उनके कार्यों को निष्पादन किया। सरकारी प्रक्रिया के तहत ट्रांसफर तो कर दिया गया लेकिन आप यहां बहुत कम समय में ही लोगों को सहयोग कर अपनी पहचान छोड़कर जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी लोगों का हमें भरपूर सहयोग मिला जिससे हर कार्यों को अच्छे तरीके से निष्पादन किया गया और मामला को उद्भेदन किया गया। हमें भी आप सबों का सहयोग निरंतर याद रहेगा। मौके पर खुशी जायसवाल, विवेक सोनी, चंदन कमलापुरी, मनीष गुप्ता, सुमित कुमार, उज्जवल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### वाहन चेकिंग अभियान में 10 मोटरसाइकिल जब्त

**कांडी।** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में एएसआई मनोज कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा शुक्रवार को थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें बिना हेलमेट एवं दस्तावेज के साथ 10 मोटरसाइकिल को जप्त कर थाना लाया गया। जिसे आगे की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग में भेजा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि यह चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभी मोटरसाइकिल सवार को अपने-अपने हेलमेट लगाकर एवं दस्तावेज के साथ चलने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा पकड़े जाने पर उन्हें गाड़ी को चालान कर दिया जाएगा।

### हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**धुरकी।** प्रखंड के लोग प्रत्येक वर्ष हाथियों का आंतक झेल रहे हैं। धुरकी प्रखंड अंतर्गत कनहर तटीय गांव में गजराज ने आतंक मचाया है। गुरुवार की रात्रि में कनहर तटीय बलचैरा गांव में हाथियों ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंबाखोरेया पंचायत के बालचैरा गांव में दो घरों का अपना निशाना बनाते हुए घर को गिरा दिया। साथ ही घर में रखें खाद्य सामग्री सहित सभी समान को नष्ट करते हुए जंगल में निकल गये। ग्रामीणों ने बताया कि जान बचाकर भागने में वे लोग सफल रहे। उन्होनें कहा कि वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाए जिससे हम लोगों को राहत मिल सके। इसकी सूचना मिलते ही वनपाल प्रमोद कुमार यादव, वनरक्षी मारीयूनुस कच्छप मौके पर पहुंचकर भुक्तभोगियों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा सरकारी लाभ दिलाया जाएगा।

### पंचायत भवन का शिलान्यास तीन करोड़ की लागत से निर्माण



**भागलपुर।** जिले के सन्हौला प्रखंड के अरार गांव में शुक्रवार को पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया गया। इस भवन का निर्माण तीन करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम की अगुवाई पंचायत मुखिया कृष्णा नंद सागर ने की। इस बाबत मुखिया कृष्णा नंद सागर ने कहा कि इस भवन के बनने से पंचायत के लोगों को अब 25 किलोमीटर दूर सन्हौला जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पंचायत सरकार भवन में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और अन्य सरकारी कार्य एक ही छत के नीचे पूरे किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा और सरकारी सेवाएं प्राप्त करने में आसानी होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह भवन गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर पंचायत के कई गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नदी से बरामद शव का पुलिस ने किया खुलासा, महिला सहित चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ।

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेलचंपा कोयल नदी से बरामद महिला के शव के मामले का उद्भेदन कर लिया है। उक्त मामले में गढ़वा पुलिस ने छत्तीसगढ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से घटना में शामिल एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी रमेश मंडल, लतिका मंडल, संतोषी नगर निवासी शांति मंडल व पीरुडीह गांव निवासी वीरा लकड़ा का नाम शामिल है। इसकी जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने गढ़वा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

एसडीपीओ ने बताया कि गत 30 सितम्बर को बेलचंपा कोयल नदी पुल के पाया संख्या 11 से एक महिला का शव बरामद किया गया था। जिसकी पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र के गुरूचंद मंडल की पत्नी रीना गिरी के रूप में की गई थी। जिसकी प्राथमिकी रीना के भाई बदला गिरी ने गढ़वा थाना में दर्ज कराया था। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस छानबीन शुरू की। पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान मामला सामने आया कि रीना गिरी का ससुराल में विवाद होते रहता था। जिसे लेकर उसके ससुराल वाले रीना को रास्ते से हटना चाहते थे। जिसके बाद उसके ससुराल वालों ने रमेश मंडल के साथ प्लान बनाकर हत्या की योजना बनाई। 29 सितंबर को रीना गिरी का अपहरण कर उसके शव को फेंकने के लिए गढ़वा लाया गया। जहां वीरा लकड़ा व रमेश मंडल ने अपने चारपहिया वाहन से गढ़वा पहुंचे। जहां सबसे पहले उसका गला दबाया। उसके बाद हत्या कर उसे कोयल नदी पुल से नीचे फेंक दिया। एसडीपीओ ने बताया कि इस घटना में शामिल उसके पति को घटना के दो दिन बाद ही बलरामपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। जहां बलरामपुर थाना में ही उसका पति खुदखुशी कर लिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। पुलिस ने तीन नामजद सहित घटना में शामिल चार को गिरफ्तार किया है। सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश यादव, प्रदीप यादव, आरक्षी राहुल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सहायक पुलिस प्रियंका मिंज आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दिव्यांग को मिला ट्राई साइकिल


ट्राई साइकिल देती बीडीओ।

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के दवनकारा गांव निवासी राजू पासवान के 16 वर्षीय पुत्र सह दिव्यांग सींटू कुमार पासवान को सीडीपीओ सह बीडीओ श्रीमती कनक एवं सीओ प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराया। ट्राई साइकिल मिलते ही दिव्यांग का चेहरा खिल उठा। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत उन्हें ट्राई साइकिल दी गई है। कहा कि जरूरतमंद दिव्यांगों को जरूरत के सारी उपकरण यंत्र नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वंचित दिव्यांगों जनों के लिए पेंशन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के लिए सभी योग्य लाभकों को दिव्यांगता पेंशन दिलाने का काम सरकार प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ विभागीय कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में भौतिक सत्यापन कर दिव्यांगों को चिन्हित करते हुए चयन करें। सूची तैयार कर जरूरत के अनुसार दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल एवं अन्य उपकरण यंत्र का लाभ सुनिश्चित करते हुए देने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पुरहे पंचायत के मुखिया शंभू पासवान, दिव्यांग के माता सहित सीडीपीओ कार्यालय के पर्यवेक्षक प्रभा देवी, सुमित्रा देवी उपस्थित थीं।

### मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर जिला केन्द्र चयन समिति की बैठक


बैठक करते लोग डीडीसी व अन्य।

**गढ़वा।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा 2025 में आयोजित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण एवं मूल्यांकन केंन्द्रो का चयन करने सम्बन्धी बैठक डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर के कुल 46 हाई स्कूल एवं 23 प्लस टू विद्यालयों को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया। जबकि दो विद्यालयों का चयन मूल्यांकन केंद्र के रूप में किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केंन्द्रो की सूची प्रस्तुत किए जाने के उपरांत डीडीसी श्री मिश्रा ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आवश्यकता अनुसार विभिन्न आवश्यक सुधार करने के लिए डीईओ को निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राहुल देव बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, पलामू सांसद के प्रतिनिधि प्रमोद चैबे, झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, गढ़वा के अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षक संघ, गढ़वा के अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गढ़वा के अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

# अभाविप ने डीईओ को सौंपा चार सूत्री मांग पत्र


मांग पत्र सौंपते अभाविप कार्यकर्ता।

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा को चार सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग पत्र में अभाविप ने उच्च विद्यालय एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म में झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने वाले विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, परीक्षा फॉर्म भरने के उपरांत विद्यार्थियों को रसीद देने, कांडी प्लस टू उच्च विद्यालय में गणित, इतिहास, हिन्दी सहित विभिन्न विषयों के शिक्षकों की व्यवस्था करने एवं जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। विभाग सह संयोजक शशांक ने कहा कि विद्यालयों में परीक्षा फॉर्म भरने में निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि लेना गलत है। ज्यादा शुल्क लेने वाले विद्यालयों में जांच कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि जिले के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, जिसे जल्द से जल्द दूर करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा यादव, प्रिंस सिंह, सचिन चैबे, सुगंध बघेल, कमलेश कुमार आदि का नाम शामिल है।

# धारदार हथियार से अधेड़ की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव निवासी छोटू भुईयां उर्फ भगत जी 60 वर्षीय की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार की शाम की है। जानकारी के अनुसार छोटू भुईयां प्रतिदिन की भांति जंगल में अपने गाय एवं बकरी लेकर अन्य चरवाहे के साथ चराने जाता था, लेकिन उस दिन अपने गाय व बकरी को अकेला लेकर जंगल गया था। जंगल जाने के पश्चात जैसे-जैसे शाम होते गई वैसे-वैसे उसके परिजन उसके आने का इंतजार करने लगे। काफी शाम होने के बाद उसके परिजन इधर-उधर खोजबीन करने लगे लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके बाद छोटू भुईयां की बड़ी बहू ने गांव के अगल-बगल लोगों को इसकी जानकारी दी तथा सभी ने मिलकर जंगल की ओर गए लेकिन वहां भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था। छोटू भुईयां अपने पास मोबाइल भी रखता था। इस समय चरवाहे के मोबाइल पर जब फोन लगाया गया तो मोबाइल बज रहा था लेकिन कोई फोन रिसीव नहीं कर रहा था। फोन लगाकर ही जंगलों में अगल-बगल खोजने लगे तभी अचानक मोबाइल बजने की आवाज सुनाई दी। मोबाइल बजाने की आवाज की जगह जब गए तो वहां छोटू भुईयां को मृत पाया गया तथा उसके शरीर पर धारदार हथियार टांगी से काटने का निशान था। इसकी सूचना धुरकी थाना को दी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की पूर्ण जानकारी ली एवं शव को पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टि से पता चलता है कि धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई है। यह घटना काफी मार्मिक है। घटना की अनुसंधान की जा रही है। अनुसंधान के क्रम में जो भी दोषी होंगे, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि मृतक की पत्नी मौत कई वर्ष पहले ही हो गई थी। मृतक के दो पुत्र एवं एक पुत्री हैं।

# दुर्घटना में घायल पैक्स अध्यक्ष की इलाज के दौरान मौत

एजेंसी



नवादा। जिले के लालपुर पंचायत के नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वे लगभग 45 वर्ष के थे। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद 15 दिन से पटना के मेदांता हॉस्पीटल में ईलाजरत थे। उनके पार्थिव शरीर को निजी आवास लालपुर लाया गया। यहां उनके अंतिम दर्शन के लिए शुभचिन्तकों का तांता लगा रहा। प्रखण्ड प्रमुख रीना राय, उप प्रमुख नवीन यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, नरेंद्र सिंह, रामाश्रय सिंह, रजनीश कुमार, सुनील साव, कौआकोल के सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, लालपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद यादव, सोखोदेवरा के मुखिया प्रतिनिधि मंटू यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं सरकारी, गैर सरकारी कर्मियों ने पैक्स अध्यक्ष अशोक यादव के निधन पर गहरा शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। लोगों ने कहा कि अशोक यादव एक मिलनसार, हंसमुख, समाजसेवी तथा लोकप्रिय व्यक्ति थे। उनके निधन से प्रखण्ड को काफी क्षति पहुंची है।

उल्लेखनीय है कि नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष 28 नवम्बर की रात एक दोस्त को रूपौ छोड़कर निजी वाहन से खुद वाहन चलाते हुए कौआकोल घर लौट रहे थे। इस बीच उनका वाहन अनियंत्रित होकर चोंगवा पुल के पास पलट गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका वाहन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में : चौधरी

**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने आज कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में है और हमारी पार्टी हमेशा से इसकी पक्षधर रही है, बार-बार चुनाव में जाने से सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होता है और विकासकार्यों में भी बधाएं उत्पन्न होती है। शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू ) प्रदेश कार्यालय में ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## लालू राबड़ी सरकार की नीतियों ने बिहार के आर्थिक विकास को रसातल में पहुंचा दिया :नवल

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) प्रवक्ता नवल शर्मा ने आज कहा कि श्रीकृष्ण सिंह के बाद कांग्रेस और 1990 के बाद लालू राबड़ी सरकार की नीतियों ने बिहार के आर्थिक विकास को रसातल में पहुंचा दिया। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नब्बे के दशक में जब देश के अधिकांश राज्य आर्थिक उदारीकरण से उत्पन्न नए आर्थिक अवसरों को हाथों हाथ लपक रहे थे वहीं बिहार लालू यादव की जातिवादी राजनीति के पिंजरे में कैद था। उस वक्त यदि नीतीश कुमार जैसा कोई दूरदर्शी और राज्य के हितों के प्रति सजग मुख्यमंत्री होता तो शायद बिहार के विकास की कहानी कुछ और होती। लेकिन लालू यादव ने वोट की राजनीति के चक्कर में नक्सलवाद, जातीय नरसंहार और सांप्रदायिक दंगों की आग में बिहार को झोंक दिया।

## स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के बीच समझौता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के निर्माण एवं संचालन के संबंध में आज स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। श्री कुमार के समक्ष शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में स्वास्थ्य विभाग और शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया, कोयम्बटूर के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। पटना में अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के निर्माण एवं संचालन के संबंध में यह समझौता ज्ञापन हुआ है।

## सारण में विशेष अभियान में 34 गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले की पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान विशेष अभियान में 34 अभियुतों को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ.कुमार आशीष ने शुक्रवार को यहां बताया कि विशेष अभियान में 34 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें शराब कारोबार में 06, शराब सेव में 16, वारंट में 03, हत्या का प्रयास में 03, चोरी में 01, पॉक्सो एक्ट में 01, आर्म्स एक्ट में 01 एवं अन्य में 03 अभियुक्त शामिल हैं।

## सारण में हथियार समेत अपराधी गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने शुक्रवार को यहां बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हथियार से लैस होकर मोटरसाईकिल से आपराधिक घटना करने की नियत से माला गांव से विशुनपुरा बाजार की ओर जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए माला गांव इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पहुंच कर सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में आकाश सिंह, पिता- मनी सिंह, साकिन शेरपुर, थाना मुफ्फसिल, जिला- सारण को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# 70वीं संयुक्त परीक्षा में पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत : चेयरमैन

**पटना।** 70वीं संयुक्त परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों पर आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने आयोग का पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत है। किसी सेंटर से कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एग्जाम को लेकर उठ रहे एक-एक सवाल की आयोग जांच करेगा।

आयोग के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने कहा कि, किसी ने हमें पेपर लीक होने की शिकायत नहीं की है। आयोग के लोग सेंटर पर गए थे। वहां बात करने में समझ आया कि कुछ कैंडिडेट्स ने अफवाह फैलाई की पेपर वायरल हो गया है। कैंडिडेट्स सेंटर के अंदर हंगामा करने लगे। पेपर छीनकर बाहर निकल गए। बाकी लोगों को भी भड़काया गया। बिना मोबाइल और बिना इंटरनेट के पेपर कैसे वायरल हो सकता है।

**पटना के डीएम चंद्रशेखर ने दिया एक बड़ा संकेत:** पटना के डीएम चंद्रशेखर ने ये साफ किया कि पेपर लीक नहीं हुआ है, लेकिन एक परीक्षा कक्ष में 273 प्रश्न पत्रों की जगह 192 प्रश्न पत्र क्यों भेजे गए ये जांच का विषय है। डीएम डॉ चंद्रशेखर ने बताया कि बापू परीक्षा परिसर कुम्हरार में बीपीएससी की परीक्षा हो रही थी। यहां 12,000 परीक्षार्थियों की व्यवस्था थी। एक हॉल में 273 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। 192 प्रश्न पत्रों का बॉक्स खोला गया, जबकि हॉल में 273 परीक्षार्थी थे। केंद्राधीक्षक द्वारा दूसरे हॉल से प्रश्न पत्र का सील्ड पैकेट मंगवाया गया। बाकी बच्चों के बीच इसे बांटा गया। इसी बीच कुछ परीक्षार्थियों ने आपत्ति जताई। करीब 300-400 बच्चों ने परीक्षा का बहिष्कार किया। बाकी सभी बच्चों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दी। परीक्षा हॉल के बाहर कुछ लोग रोड जाम कर रहे थे। हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। प्रश्न पत्र लीक का कोई मामला नहीं है। गलतफहमी के चलते कुछ लोगों ने बहिष्कार किया है। 11 दिसंबर को समाहरणालय में आयोजित ब्रीफिंग में आयोग के प्रतिनिधि ने भी आश्वस्त किया था कि 273 प्रश्न-पत्रों के पैकेट का बॉक्स भेजा जाएगा। फिर भी किस स्थिति में 192 प्रश्न पत्रों के पैकेट का बॉक्स भेजा गया, यह जांच का विषय है। सम्पूर्ण मामले में बीपीएससी को उचित निर्णय लेने के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। 70वीं संयुक्त परीक्षा में 4 लाख 83 हजार कैंडिडेट्स शामिल हुए। परीक्षा एक ही शिफ्ट में 12 से 2 बजे के बीच हुई। बापू परीक्षा परिसर में करीब 12 हजार कैंडिडेट एग्जाम देने पहुंचे थे। यहीं सबसे ज्यादा हंगामा भी हुआ। हालांकि आयोग ने ये साफ कर दिया है कि पेपर लीक नहीं हुआ है।

## प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट को डीएम ने जड़ा थप्पड़



बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में शुक्रवार को कुछ जगहों पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। पटना स्थित बापू परीक्षा परिसर में प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट्स को काबू में करने के लिए पटना के डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने बीच-बचाव करते हुए कैंडिडेट को साइड में कर दिया। हंगामा होते ही परीक्षा सेंटर में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दो थानों की पुलिस को आयोग के दफ्तर के बाहर भी तैनात कर दिया गया है। इधर आयोग ने आनन-फानन में बैठक बुलाई थी।

स्पीड न्यूज

## न्यायाधीश शेखर यादव के खिलाफ महाअभियोग का विपक्ष ने दिया नोटिस

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ राज्यसभा सचिवालय को महाअभियोग का नोटिस दिया है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में विभिन्न विपक्षी दलों के 55 सदस्यों ने शुक्रवार को राज्यसभा के महासचिव से मुलाकात की और उन्हें न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया। नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में निर्दलीय कपिल सिब्बल, कांग्रेस के विवेक तंखा, दिग्विजय सिंह, पी चिदम्बरम, जयराम रमेश,मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास,राजद के मनोज झा, तृणमूल के साकेत गोखले, सपा के जावेद अली खान और भाकपा संदोष कुमार शामिल हैं।

## तुर्किये ने सीरिया में बांध पर गिराया बम

**दमिश्क।** सीरिया पर विद्रोहियों के फतह के बावजूद हालात सुधर नहीं रहे। अब तुर्किये ने बांध पर बमबारी कर नया संकट उत्पन्न कर दिया है। इजराइल के हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित है। संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से हटने का आह्वान किया है। मगर उसने इससे इनकार कर दिया है। इससे पहले इजराइली सेना ने कहा कि उसने सीरिया में 350 से अधिक हमले किए। इस दौरान अपदस्थ सीरियाई शासन से संबंधित अधिकांश सामरिक हथियारों के भंडार को नष्ट कर दिया। इजराइल ने पिछले सप्ताह राष्ट्रपति असद को उखाड़ फेंकने के बाद सीरिया के अंदर एक बफर जोन में प्रवेश करने की बात स्वीकार की।

## युद्धग्रस्त लेबनान से 85 बांग्लादेशी स्वदेश लौटे

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने खर्च से युद्धग्रस्त लेबनान में फंसे अपने नागरिकों की स्वदेश वापसी करवा रही है। शुक्रवार को इथियोपियाई एयरलाइंस की उड़ान (संख्या ईटी-0680) से 85 स्त्री-पुरुष और बच्चे स्वदेश पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब तक 16 उड़ानों से 1,048 नागरिकों की स्वदेश वापसी कराई जा चुकी है। आज सुबह सभी 85 नागरिक ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय, प्रवासी कल्याण और विदेशी रोजगार मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अधिकारियों ने स्वदेश वापसी पर सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## सुखबीर बादल की धार्मिक सजा पूरी

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह द्वारा अकाली नेता सुखबीर बादल व अन्य को सुनाई गई धार्मिक सजा शुक्रवार को पूरी हो गई। दस दिनों तक विभिन्न गुरुद्वारों में सजा भुगतने के बाद सुखबीर बादल आज अन्य अकाली नेताओं के साथ दरबार साहिब पहुंचे। यहां अकाल तख्त सचिवालय में सुखबीर बादल व अन्य नेताओं की धार्मिक सजा का ब्यौरा दर्ज किया गया। सुखबीर बादल ने अकाल तख्त साहिब के समक्ष अपनी गलतियों के लिए क्षमा याचना अरदास करवाई। अरदास के पश्चात सुखबीर बादल अब सामान्य जीवन में लौट आए हैं।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति कल आयेंगे भारत

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके दो दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि दिसानायके 15 और 16 दिसंबर को राजकीय यात्रा पर भारत आयेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुमू से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात, कहा

# पूरी दुनिया में होगी महाकुंभ की चर्चा

एजेंसी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां पर त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने त्रिवेणी के दर्शन किए थे, आज उसी त्रिवेणी स्थल पर दुनिया के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए खुशी का दिन है। प्रधानमंत्री मोदी अक्षय वट कॉरिडोर, बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर, ऋषि भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य एवं ब्रजेश पाठक उपस्थित थे।



प्रयागराज में कई योजनाओं का लोकार्पण करते पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी व राज्यपाल।

- **जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं : मोदी**
- **अक्षय वट, हनुमान मंदिर व ऋषि कॉरिडोर का भी पीएम मोदी ने किया लोकार्पण**

### श्रद्धालुओं के लिए एआइ चैटबॉट लांच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल महाकुंभ की संकल्पना को साकार करते हुए शुक्रवार को चैटबॉट कुंभ सहायक लॉन्च कर दिया है। इसका उद्देश्य महाकुंभ में देश विदेश से आने वाले 45 करोड़ श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुविधाजनक बनाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुंभ को पहले की तुलना में अधिक भव्य बनाना चाहते हैं। 11 भाषाओं को श्रद्धालुओं को देगा मदद चैट बॉट कुम्भ सहायक देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ से जुड़ी सभी जानकारियां पलक झपकते उपलब्ध करा देगा। यह कुम्भ सहायक 11 भाषाओं में श्रद्धालुओं का मददगार साबित होगा। यह श्रद्धालुओं को नेवीगेशन, पार्किंग व रुकने के स्थान समेत हर जानकारी सेकेंडों में उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसे आसानी से अपने मोबाइल में डाउनलोड किया जा सकता है। इससे बोलकर या लिखकर अपने सवाल पूछ सकते हैं। साथ ही जवाबों को अपनी भाषा में सुन भी सकते हैं। ये 11 भाषाएं हिन्दी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, मराठी, पंजाबी, बंगाली, उर्दू हैं।


# संविधान के मूल चरित्र में नहीं होगा बदलाव

## कांग्रेस ने कई बार संशोधन किया : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संविधान को हाईजैक करने और इसे राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार संविधान के मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।

भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लोकसभा में बोलते हुए सिंह ने कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, हम संविधान के मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देंगे। आप इतिहास देख लीजिए। हमने आपातकाल के काले दिनों में भी संविधान के मूल चरित्र को चोट पहुंचाने की हर कोशिश का कड़ा विरोध किया था। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वही पार्टी जिसने अतीत में संविधान का दुरुपयोग किया था, आज जाति के आधार पर जनगणना कराने की बात कर रही है। मंत्री ने कहा कि भाजपा को इस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वह जनता को धोखा नहीं देना चाहती, बल्कि सीधे उनसे आंख मिलाना चाहती है उन्होंने कहा कि एक ऐसा खाका तैयार करिए, जिसमें यह स्पष्ट हो कि किस जाति को कितना आरक्षण मिलेगा और आरक्षण का प्रतिशत कितना होगा। हमें संसद में इस पर चर्चा करने में भी कोई आपत्ति नहीं है। विपक्ष लोकसभा चुनाव से पहले से ही जाति जनगणना की मांग कर रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने अतीत के कई उदाहरणों को गिनाया, जब पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह सहित कांग्रेस नेताओं ने संविधान को बदलने के लिए इसमें कई संशोधन किए। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि आजकल कई नेता संविधान को अपनी जेब में रखते हैं।




### सुरक्षा कवच तोड़ रही सरकार : प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली।** सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है। प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिए सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। प्रियंका ने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया।

### दिल्ली में मुख्य सचिवों का सम्मेलन आज से

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी, डोमेन विशेषज्ञ तथा अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्य सचिवों का सम्मेलन प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद को मजबूत करने, तेजी से विकास व प्रगति हासिल करने और केंद्र व राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। यह सम्मेलन पिछले 3 वर्षों से हर साल आयोजित किया जा रहा है।

# फोर्ब्स की सूची में सीतारमण सहित तीन भारतीय महिलाएं

एजेंसी

- **28वें स्थान पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत**



**नयी दिल्ली।** अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं।

सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

**रोशनी नदार को 81वां स्थान :** दिग्गज भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

**किरन मजूमदार शॉ को 82वां स्थान :** किरन मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरन मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरन मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं।

साल 2019 में किरन मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था। शॉ की कंपनी कोरोना वायरस की एंटीबॉडी थेरेपी के लिए भी काम कर रही है।

# एसएफडीआर का अंतिम परीक्षण सफल

एजेंसी

- **भारत ने हासिल की एयर-टू-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक**

**नयी दिल्ली।** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र व पुणे उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है।



# अल्लू अर्जुन को मिली जमानत

### अभिनेता को भगदड़ मामले में पुलिस ने किया था गिरफ्तार

**हैदराबाद ।** दक्षिण भारतीय सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। पुष्पा 2 अभिनेता को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। यह घटना 4 दिसंबर को हुई थी, जब अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2' की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान अचानक थिएटर पहुंचे थे, जिससे भारी भीड़ बेकाबू हो गई थी। पुष्पा 2 की जबरदस्त सफलता का लुत्फ उठा रहे दक्षिण भारतीय फिल्मों के बड़े अदाकार अल्लू अर्जुन को निचली कोर्ट ने 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत (जेल) में भेज दिया था । उन्हें शुक्रवार सुबह ही उनके घर से गिरफ्तार किया था। हैदराबाद के संध्या थिएटर में स्क्रीनिंग के दौरान बेकाबू भीड़ और भगदड़ के मामले में संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।



# नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचा शेयर बाजार

## गिरावट के बाद सेंसेक्स 843 अंक उछला, निवेशकों ने 1.28 लाख करोड़ कमाए


एजेंसी

- **फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में आईटी और टेक समेत चौदह समूहों में हुई जमकर खरीददारी से 82133 पर पहुंचा सेंसेक्स**

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत चौदह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 843.16 अंक की छलांग लगाकर नौ सप्ताह बाद 82 हजार अंक के पार 82,133.12 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 03 अक्टूबर को 82,497.10 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 219.60 अंक की तेजी के साथ 24,768.30 अंक पर बंद हुआ।

शेयर बाजार में आई मजबूती से निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ कर 459.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 1.28 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 47,776.62 अंक और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत उतरकर 56,957.46 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4105 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2173 में गिरावट जबकि 1818 में तेजी रही वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ।



इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य नौ में बिकवाली हुई। बीएसई में सर्विसेज, कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, हेल्थकेयर, रियल्टी और धातु समूहों के शेयरों की 0.76 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 14 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.48, ऊर्जा 0.36, एफएमसीजी 1.07, वित्तीय सेवाएं 0.36, आईटी 0.57, दूरसंचार 2.13, यूटिलिटीज 0.09, ऑटो 0.46, बैंकिंग 0.81, कैपिटल गुड्स 0.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.14, तेल एवं गैस 0.23, टेक 1.32 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.66 प्रतिशत उछल गए। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 78 अंक फिसलकर 81,212.45 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,082.82 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 82,213.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,289.96 अंक के मुकाबले 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82,133.12 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह निफ्टी 50 अंक गिरकर 24,498.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,180.80 अंक के निचले जबकि 24,792.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,548.70 अंक की तुलना में 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,768.30 अंक पर आ गया।

### ये टॉप गेनर्स और लूजर्स

सेंसेक्स की तेजी पर कंपनियों में भारती एयरटेल 4.39, आईटीसी 2.07, कोटक बैंक 2.06, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.92, अल्ट्रासिमको 1.87, टाइटन 1.80, एचसीएल टेक 1.69, पावरग्रिड 1.52, नेस्ले इंडिया 1.33, अडानी पोर्ट्स 1.29, आईसीआईसीआई 1.22, एसबीआई 0.93, मारुति 0.90, रिलायंस 0.75, एलटी 0.71, एचडीएफसी बैंक 0.70, इंफोसिस 0.66, टेक महिंद्रा 0.63, टाटा मोटर्स 0.55, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.43 और टीसीएस 0.37 प्रतिशत शामिल रही। टाटा स्टील 1.26, इंडसइंड बैंक 1.09, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.53 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.15 प्रतिशत नुकसान में रहे।

